डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

वर्ष -09 अंक -160 | प्रयागराज ,शनिवार,02,सितम्बर, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### जी20: राष्ट्रपति चिनफिंग के आने को लेकर भी कयासों का दौर जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग आएंगे या नहीं इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि गुरुवार (31 अगस्त) तक जी-20 के अधिकांश सदस्यों ने आगामी सम्मेलन में आने की सूचना दे दी है, लेकिन चीन के राष्ट्रपति की तरफ से कोई संदेश नहीं आया ह नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग आएंगे या नहीं इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति के कार्यालय की तरफ से किसी भी तरह की सूचना भारत से अभी तक साझा नहीं किए जाने से संदेह हो रहा है कि चिनफिंग भी पुतिन की तरह इस बैठक से किनारा कर सकते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह जी-20 बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। गुरुवार को रुस सरकार की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूसी दल की अगुआई करेंगे। पुतिन ने पिछले दिनों पीएम नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बात कर बताया था कि वह भारत नहीं आ सकेंगे। पिछले वर्ष बाली में हुई जी-20 शिखर सम्मेलन में भी पुतिन ने हिस्सा नहीं लिया था। जी-20 दुनिया में आर्थिक तौर पर सबसे ज्यादा संपन्न 19 देशों और यूरोपीय संघ का संगठन है। पिछले चार दिनों में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां, आस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी अलबानिजी, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डी सिल्वा ने भारत आने की सूचना दी है। चीन के राष्ट्रपति के कार्यालय की तरफ से किसी भी तरह की सूचना भारत से अभी तक साझा नहीं किए जाने से संदेह हो रहा है कि चिनफिंग भी पुतिन की तरह इस बैठक से किनारा कर सकते हैं।

## तो क्या जम्मू-कश्मीर में सही लोग नजरबंद थे कपिल सिब्बल की आपत्ति पर तुषार मेहता ने ली चुटकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद की स्थिति बताते हुए गुरुवार को जब केंद्र सरकार की ओर से पैरोकारी कर रहे सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि 2019 में बंद और हड़ताल की अभी तक एक भी घटना नहीं हुई है, तभी 370 हटाने का विरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि 370 हटाने के वक्त 5000 लोग नजरबंद किए गए थे और धारा 144 लागू थी, तो कोई बंद नहीं हो सकता। कपिल सिब्बल की इस दलील पर मेहता ने हंसते हुए हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मेरे मित्र कह रहे हैं कि लोग घरों में नजरबंद थे इसलिए कोई बंद नहीं है तो क्या सही लोग घरों में नजरबंद थे। मेहता के मजाक पर सिब्बल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 5000 लोग नजरबंद थे इस तरह लोकतंत्र का मजाक नहीं उड़ाया जा सकता। कपिल सिब्बल की इस दलील पर



मेहता ने हंसते हुए हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मेरे मित्र कह रहे हैं कि लोग घरों में नजरबंद थे इसलिए कोई बंद नहीं है, तो क्या सही लोग घरों में नजरबंद थे। मेहता के मजाक पर सिब्बल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 5000 लोग नजरबंद थे इस तरह लोकतंत्र का मजाक नहीं उड़ाया जा सकता। वहां धारा 144 लागू थी इंटरनेट बंद था लोग अस्पताल आदि भी नहीं जा पा रहे थे। सिब्बल ने कहा कि कोर्ट को केंद्र सरकार द्वारा 370 हटने के बाद की स्थिति के बारे में पेश किये गए आंकड़ों को रिकार्ड पर नहीं लेना चाहिए अन्यथा उन्हें भी अपना नंबर आने पर इन दलीलों का जवाब देने की अनुमति मिलनी चाहिए। उनकी आपत्तियों पर कोर्ट ने साफ किया कि मेहता सिर्फ कोर्ट द्वारा राज्य का दर्जा बहाल होने के बारे में पूछे गए रोडमैप को बता रहे हैं। जिसमें अगस्त 2019 के बाद की स्थिति बताई गई है। इन चीजों का सुप्रीम कोर्ट में लंबित संवैधानिक प्रश्न से कोई लेना देना नहीं है।

## दिवाली पर पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, नियामक संस्थाओं से मांगे जवाब; 13 सितंबर को सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दीपावली के करीब दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर केंद्र सरकार और नियामक संस्थाओं जैसे पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी (पेसो) से जवाब तलब करते हुए पूछा है कि वह देशभर में प्रदूषणकारी पटाखों के उत्पादन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के प्रोटोकाल को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 सितंबर को करेगा। जस्टिस एएस बोपन्ना और एमएम सुंदरेश की खंडपीठ ने गुरुवार को केंद्र सरकार और नियामक संस्थाओं की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी से कहा कि वह प्रतिबंधित पटाखों पर पूर्ण रोक लागू किए जाने के संबंध में अब तक उठाए गए कदमों का ब्योरा दें। यह मामला मजाक बनकर रह जाएगा समाचार एजेंसी पीटीआई की खबर के मुताबिक, सर्वोच्च अदालत ने कहा कि अगर नियमों को लागू नहीं किया जाता है तो वह मजाक बनकर रह जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 सितंबर को करेगा। जस्टिस एएस बोपन्ना और एमएम



सुंदरेश की खंडपीठ ने गुरुवार को केंद्र सरकार और नियामक संस्थाओं की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी से कहा कि वह प्रतिबंधित पटाखों पर पूर्ण रोक लागू किए जाने के संबंध में अब तक उठाए गए कदमों का ब्योरा दें। यह मामला मजाक बनकर रह जाएगा अगर कोई ऐसी व्यवस्था न हो कि निर्माताओं और विक्रेताओं को दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए विवश न कर दिया जाए। कुछ पटाखा निर्माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि विशेषज्ञ निकायों जैसे पीसो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और नेशनल इन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (नीरी) ने ग्रीन पटाखों के मुद्दे पर ठोस कदम उठाए हैं और अब केवल क्वालिटी कंट्रोल के मुद्दे को सुलझाना रह गया है। विशेषज्ञ संस्थाओं ने दिशानिर्देश जारी किए हैं और प्रदूषणरहित पटाखों के रासायनिक फार्मूले को भी जारी किया है। और अब पीसो को उत्पादन और बिक्री की निगरानी की अनुमति दी जाएगी। बेरियम साल्ट के मुद्दे पर वरिष्ठ वकील ने कहा कि विश्वभर में पटाखे बनाने में इसका उपयोग होता है और भारत में भी पटाखा निर्माता इसके इस्तेमाल को लेकर सहमत हो गए हैं। वह इसकी प्रभावी निगरानी के लिए तमिलनाडु के शिवाकाशी में एक लैब बनाने पर भी सहमत हैं। एक अन्य वकील ने कहा कि इस व्यवसाय से आठ लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। पीसो जैसे संस्थान ने ग्रीन पटाखों के संबंध में कई कदम उठाए हैं। इस पर खंडपीठ ने एडीशनल सालिसिटर जनरल से पूछा कि वह नियामक प्रोटोकाल के पालन के लिए अब तक उठाए गए कदमों का ब्योरा दें। उल्लेखनीय है कि दीपावली के मौके पर जलाए जाने वाले पटाखों से वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है और सांस तथा हृदय रोगि?यों की परेशानी बढ़ जाती है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित होती हैं।

## 122 वर्ष का सबसे सूखा महीना रहा अगस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मानसून की दगाबाजी ने उम्मीदों को झटका दिया है। वर्ष 1901 के बाद इस बार अगस्त का महीना सर्वाधिक सूखा गुजरा है। हालांकि, मौसम विभाग (आइएमडी)



ने सितंबर में मानसून के फिर से सक्रिय होने की उम्मीद जताई है, लेकिन शुष्क हवा की चाल, असमान वर्षा का अनुपात एवं अलनीनो के असर को देखते हुए खतरे की आशंका भी कम नहीं है। इस पूरे मौसम में वर्षा की मात्रा नौ प्रतिशत कम है। अगस्त में यह 36 प्रतिशत कम है। ऐसा 122 वर्ष पहले हुआ था। मौसम विभाग का अनुमान है कि इसी सप्ताह के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून फिर से सक्रिय हो सकता है। इससे देश के मध्य एवं दक्षिणी हिस्सों में वर्षा का एक दौर फिर शुरू होगा। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने मीडिया को बताया कि सितंबर में 167.9 मिमी वर्षा होने का अनुमान है जो लंबी अवधि के औसत का लगभग 91-109 प्रतिशत होगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि इसी सप्ताह के अंत तक दक्षिण-पश्चिम मानसून फिर से सक्रिय हो सकता है। इससे देश के मध्य एवं दक्षिणी हिस्सों में वर्षा का एक दौर फिर शुरू होगा। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने मीडिया को बताया कि सितंबर में 167.9 मिमी वर्षा होने का अनुमान है, जो लंबी अवधि के औसत का लगभग 91-109 प्रतिशत होगा। हालांकि, महापात्र ने यह भी कहा है कि मानसूनी वर्षा का यह औसत सामान्य से कम होगा। वर्षा की यह मात्रा देश भर में एक समान नहीं रहेगी। पूर्वोत्तर हिस्से एवं हिमालय की तलहटी के कई क्षेत्रों में अधिक एवं बाकी हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। स्पष्ट है कि देश के पूर्व, मध्य एवं दक्षिणी क्षेत्रों को सूखे या अल्पवर्षा का सामना करना पड़ सकता हैआइएमडी ने अगस्त में कम वर्षा के लिए अलनीनो को जिम्मेवार बताया और कहा कि दक्षिण अमेरिका के निकट प्रशांत महासागर में पानी के गर्म होने का असर भारत में मानसूनी वर्षा पर पड़ा।

## इसरो प्रमुख सोमनाथ का विमान में किया गया भव्य स्वागत, देश को गौरवान्वित करने के लिए यात्रियों ने जताया आभार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता की पटकथा लिखने वाले इसरो के विज्ञानियों को सम्मानित करने का कोई भी मौका लोग छोड़ना नहीं चाहते



हैं। हाल ही में इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ इंडिगो विमान से यात्रा कर रहे थे। जब यह पता चला कि देश को गौरवान्वित करने वाले विज्ञानी सोमनाथ उड़ान में सवार हैं, तो विमान के चालक दल के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता की पटकथा लिखने वाले इसरो के विज्ञानियों को सम्मानित करने का कोई भी मौका लोग छोड़ना नहीं चाहते हैं। हाल ही में इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ इंडिगो विमान से यात्रा कर रहे थे। जब यह पता चला कि देश को गौरवान्वित करने वाले विज्ञानी सोमनाथ उड़ान में सवार हैं तो विमान के चालक दल के सदस्यों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसका वीडियो प्रसारित हो गया है। एयर होस्टेस पूजा शाह द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो में एयर होस्टेस को सोमनाथ का स्वागत करते देखा जा सकता है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इसरो अध्यक्ष सोमनाथ, हमारी उड़ान में राष्ट्रीय नायक का होना हमेशा खुशी की बात है। वीडियो में यात्रियों को तालियां बजाते और सोमनाथ की सराहना करते हुए देखा जा सकता है। सोमनाथ का विमान में स्वागत विमान मे एनाउंसमेंट किया गया, इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ की मौजूदगी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारी उड़ान में सवार हुए। हमें आप पर गर्व है, सर। देश को गौरवान्वित करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

## ट्रेनों की देरी से चलने के कारण बढ़ी रेलवे की चिंता, आखिर किस वजह से कम हुई रेलगाड़ियों की रफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देशभर में हर रोज 600 ट्रेनें गंतव्य तक पहुंच रहीं लेट-ट्रेनों की समयबद्धता को लेकर मंथन, रेल मंत्री भी चिंतितदीपक



बहल, अंबाला तमाम प्रयासों के बावजूद ट्रेनों का समय से नहीं चल पाना रेलवे के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इसको लेकर चिंतित हैं। बीते दिनों रेलवे के आला अधिकारियों के साथ बैठक में उनकी चिंता सामने आई। रेलवे सूत्रों के मुताबिक देश में हर रोज करीब 600 ट्रेनें अपने गंतव्य स्थान पर देरी से पहुंच रही हैं। पिछले दिनों रेल मंत्री के साथ बैठक में भी इसको लेकर चिंता जताई गई। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों में बताया गया कि 2019-20 में 75.69 प्रतिशत ट्रेनें समय पर पहुंच रही थीं लेकिन 2023-24 में 71.02 प्रतिशत ट्रेनें ही समय पर पहुंच पा रही हैं। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, देश में हर रोज करीब 600 ट्रेनें अपने गंतव्य स्थान पर देरी से पहुंच रही हैं। पिछले दिनों रेल मंत्री के साथ बैठक में भी इसको लेकर चिंता जताई गई। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों में बताया गया कि 2019-20 में 75.69 प्रतिशत ट्रेनें समय पर पहुंच रही थीं, लेकिन 2023-24 में 71.02 प्रतिशत ट्रेनें ही समय पर पहुंच पा रही हैं। चर्चा में सामने आया कि किसी कारणवश कोई ट्रेन विलंब हो गई तो वह और विलंब होती जाती है। इसके कई कारण हैं। चेन पुलिंग भी एक कारण बताया गया। इसके अलावा निर्माण, इंजीनिरिंग कार्य, ब्लॉक, रेलवे इलेक्ट्रिकल व?र्क्स, इंटरलाकिंग कार्य आदि शामिल हैं। लेट से पहुंचने वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ रही रेलवे के आकलन के अनुसार, 2019-20 में 1604 मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें दौड़ रहीं थीं, जिनमें से 24 प्रतिशत ट्रेनें लेट होती थीं। लेकिन, 2023-24 में ट्रेनों की संख्या बढ़कर 2032 हो गई। वर्तमान में करीब 29 प्रतिशत ट्रेनें समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। अधिकारियों का दावा है कि मालगाड़ियों के लिए अलग से विशेष रेल लाइनें बिछाई जा रही हैं। इनके पूरा होने के बाद ही लेटलतीफी में कमी आएगी। इंटरलाकिंग कार्य ने भी रोकी रफ्तार रेलवे के अलग-अलग मंडल में इस समय इंटरलाकिंग और अन्य कार्य चल रहे हैं। इसका असर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ता है। आंकड़े बताते हैं कि 2022-23 में 8651 कार्य ऐसे हुए वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 18313 पहुंच गया है।

## पांच साल में जेलों में बंद 817 कैदियों की मौत, उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा और सबसे नीचे है ये राज्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश भर की जेलों में 2017 से 2021 के बीच हुई 817 अस्वाभाविक मौतों का एक प्रमुख कारण आत्महत्या है। हिरासत में होने वाली मौतों की संख्या में 2019 के बाद से लगातार वृद्धि देखी गई है। 2021 में अब तक सबसे अधिक मौतें आत्महत्या (80 प्रतिशत) के रूप में ही दर्ज हैं। जेल सुधारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गठित समिति ने जेलों में अप्राकृतिक मौतों को रोकने के लिए आत्महत्या रोधी बैरक बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। शीर्ष अदालत पूरे देश की 1,382 जेलों में व्याप्त स्थितियों से संबंधित मामले पर विचार कर रही है। इस मामले की सुनवाई 26 सितंबर को होनी है। केंद्रशासित प्रदेशों में दिल्ली में 2017-2021 के दौरान सबसे अधिक 40 आत्महत्याएं दर्ज की गईं। इन पांच वर्षों में वृद्धावस्था के कारण 462 मौतें हुईं और बीमारी के कारण 7736 कैदियों की मौत हुई। 2017-2021 के बीच भारत की जेलों में कुल 817 अप्राकृतिक मौतें हुई जिनमें 660 आत्महत्याएं और 41 हत्याएं थी। इस अवधि में 46 मौतें आकस्मिक मौतों से संबंधित थीं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस (सेवानिवृत्त) अमिताव राय की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा कि 817 अस्वाभाविक मौतों में से 660 आत्महत्याएं थीं और इस



अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 101 आत्महत्याएं दर्ज की गईं। पिछले पांच वर्षों यानी वर्ष 2017 से 2021 के दौरान उत्तर प्रदेश में देश में सबसे अधिक आत्महत्याओं के बाद पंजाब और बंगाल राज्य हैं जहां क्रमशः 63 और 60 कैदियों ने आत्महत्या की। केंद्रशासित प्रदेशों में दिल्ली में 2017-2021 के दौरान सबसे अधिक 40 आत्महत्याएं दर्ज की गईं। इन पांच वर्षों में वृद्धावस्था के कारण 462 मौतें हुईं और बीमारी के कारण 7,736 कैदियों की मौत हुई। 2017-2021 के बीच भारत की जेलों में कुल 817 अप्राकृतिक मौतें हुई, जिनमें 660 आत्महत्याएं और 41 हत्याएं थी। इस अवधि में 46 मौतें आकस्मिक मौतों से संबंधित थीं, जबकि सात कैदियों की मौत क्रमशः बाहरी तत्वों के हमले और जेल कर्मियों की लापरवाही या ज्यादती के कारण हुई। समिति ने शीर्ष अदालत में प्रस्तुत रिपोर्ट में भीड़-भाड़ वाली जेलों में अस्वभाविक मौतों का अंदेशा अधिक बताते हुए कहा, 'जेल के बुनियादी ढांचे के मौजूदा डिजाइन के भीतर संभावित फांसी स्थल और संवेदनशील स्थानों की पहचान कर उन्हें बदलने के साथ आत्महत्या प्रतिरोधी कक्षों/बैरक का निर्माण करने की आवश्यकता है।' समिति ने सिफारिश की है कि जहां तक संभव हो अदालतों में वरिष्ठ नागरिकों और बीमार कैदियों की पेशी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाए। जेल कर्मचारियों को चेतावनी के संकेतों को पहचानने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए और जेलों में जीवन सुरक्षा के लिए उचित तंत्र तैयार करना चाहिए। जेल प्रशासन को कैदियों के बीच हिंसा को रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। जेलों में हिंसा को कम करने के लिए, यह सिफारिश की जाती है कि जेलों में पहली बार अपराध करने वालों और बार-बार अपराध करने वालों को जेलों, अस्पतालों और अदालतों तथा अन्य स्थानों पर अलग-अलग ले जाया जाना चाहिए। समिति ने सिफारिश में यह भी कहा है कि किन्नर कैदियों के साथ जेलों में अन्य कैदियों जैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्हें भी सभी समान अधिकार और सुविधाएं दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2018 में जेल सुधारों से जुड़े मुद्दों पर गौर करने और जेलों में भीड़भाड़ सहित कई पहलुओं पर सिफारिशें करने के लिए जस्टिस (सेवानिवृत्त) राय की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था।

## कैंसर के मरीजों के लिए राहत भरी खबर, दुनिया में पहली बार इंजेक्शन देकर मरीजों का इलाज करेगी एनएच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अब केवल सात मिनट में एक इंजेक्शन से कैंसर की दवा दी जा सकेगी। ब्रिटेन की सरकारी स्वास्थ्य एजेंसी नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) दुनिया में पहली इंजेक्शन से उपचार शुरू होने से 3600 से अधिक रोगियों को सीधा लाभ मिल सकेगा एनएचएस हर साल सैकड़ों कैंसर रोगियों को यह इंजेक्शन देगी। इससे कैंसर का इलाज



बार कैंसर के सैकड़ों रोगियों का इंजेक्शन से इलाज करेगी। एनएचएस ने मंगलवार को कहा कि इस वैक्सीन को लगाने में केवल सात मिनट लगते हैं एटेजोलिजुमैब मोनोक्लोनल एंटीबॉडी है जो कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उसे नष्ट करने के लिए मरीजों के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सशक्त करती है। यह दवा फेफड़े स्तन लिवर सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर रोगियों को दी जाती है।विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि इंग्लैंड में इस जल्दी किया जा सकेगा। माना जा रहा है कि इलाज में तीन-चौथाई तक कम समय लगेगा। वैक्सीन को ब्रिटेन की सरकारी नियामक एजेंसी मेडिसिन एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (एमएचआरए) ने मंजूरी दे दी है। इस समय मरीजों को अस्पताल में इम्यूनोथेरेपी एटेजोलिजुमैब दवा ड्रिप के माध्यम से सीधे नसों में दिया जाता है, जिसमें लगभग 30 मिनट से एक घंटे तक का समय लगता है, लेकिन अब मरीजों को कैंसररोधी यह दवा इंजेक्शन के तौर पर त्वचा पर दी जाएगी।

## चीन हमारे क्षेत्र को अपना बता रहा, क्योंकि हम एकजुट नहीं

**हुबली।** आरएसएस के प्रांत प्रचारक (कर्नाटक उत्तर प्रांत) टी प्रसन्ना ने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को नए मानचित्र में अपना विदेशी राष्ट्रों के पक्ष में देश विरोधी बयान देने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हमारे समुदाय में ऐसे लोग समाज को तोड़ने का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा



हिस्सा दिखाया है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के परोक्ष संदर्भ में कहा कि देश के लोगों के बीच फूट के परिणामस्वरूप उसने इस क्षेत्र पर दावा किया है।आरएसएस के प्रांत प्रचारक टी प्रसन्ना ने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को नए मानचित्र में अपना हिस्सा दिखाया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के बीच एकता नहीं है। इस स्थिति ने कुछ लोगों को विदेशी राष्ट्रों के पक्ष में देश विरोधी बयान देने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, ठहमारे समुदाय में ऐसे लोग समाज को तोड़ने का कारण बन रहे हैं।ठ जबरन मतांतरण के मुद्दे पर प्रसन्ना ने कहा, कुछ लोग धोखे से हिंदुओं का मतांतरण कराकर हमारे समाज को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# आँवले की खेती से संबंधित कार्यशाला का आयोजन 05 सितम्बर को-सीडीओ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि जनपद में आंवला के उत्पादन एवं विपणन में आने वाली चुनौतियों एवं समाधान विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 05 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से तुलसीसदन (हादीहाल) में किया जायेगा जिसमें आंवला उत्पादन से जुड़े अच्छे कृषकों, उद्यमियों, मण्डी के व्यवसायियों,आँवला प्रसंस्करण से जुड़े व्यवसायी एवं न्यू स्टार्ट अप के प्रतिनिधियों को कार्यशाला में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा प्रतिभाग कराया जायेगा तथा आँवला से सम्बान्धित प्रदर्शनी/स्टाल लगाकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कृषकों को जानकारी दी जायेगी तथा जनपद के आंवला उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी।

# कमिश्नरेट की कानून व्यवस्था हुई फेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** युवक की गोली मारकर हत्या से मचा हड़कंप मामूली कहासुनी पर युवक को मारी गोला गोली लगने से युवक की मौके पर हुई मौत प्राइवेट क्लीनिक में मारी गयी गोला क्लीनिक संचालक पर गोली मारने का आरोप घटना के बाद मौके से फरार हुआ क्लीनिक संचालव थरवई के 40 नम्बर गोमती के पास का मामला।

# प्रयागराज से पुलिस ने सपा नेता गुलशन यादव को किया गिरफ्तार, राजा भैया के खिलाफ लड़ा था चुनाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बाहुबली राजा भैया के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले सपा नेता गुलशन यादव को कर्नलगंज थाना पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। सपा नेता गुलशन यादव के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और डकैती के मामले में गैर जमानती वारंट जारी था। विधानसभा चुनाव 2022 में गुलशन यादव ने सपा से राजा भैया के खिलाफ चुनाव लड़ा था। साथ ही नगर पंचायत चुनाव में कुंडा टाउन एरिया में अध्यक्ष पद पर राजा भैया के उम्मीदवार के खिलाफ सपा प्रत्याशी के तौर पर अपनी पत्नी सीमा यादव को भी चुनाव में उतारा था। सपा से प्रत्याशी रहे गुलशन यादव की कोतवाली इलाके के पहाड़पुर बनोही ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह के चाचा विजय बहादुर सिंह से मारपीट हो गई थी। इस मामले में गुलशन समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने प्रयागराजद के डायमंड जुबली हॉस्टल से सपा नेता गुलशन यादव को गिरफ्तार किया है। कुंडा में मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस माह सितम्बर एवं अक्टूबर का रोस्टर जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस माह सितम्बर एवं अक्टूबर 2023 को रोस्टर जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 02 सितम्बर 2023 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुण्डा में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील लालगंज एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिनांक 16 सितम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पट्टी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा तहसील सदर, मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा तहसील लालगंज में किय जायेगा। इसके अलावा दिनांक 07 अक्टूबर को जिलाधिकारी द्वारा तहसील लालगंज, अपर जिलाधिकारी द्वारा तहसील पट्टी, मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा तहसील कुण्डा में तथा दिनांक 21 अक्टूबर को जिलाधिकारी द्वारा तहसील रानीगंज, अपर जिलाधिकारी द्वारा तहसील कुण्डा एवं मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# बारा में युवक की पीटकर हत्या पर मचा बवाल, सड़क पर उतरे ग्रामीण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के शहर यमुनानगर के खीरी इलाके में स्कूल से घर लौट रहे छात्र की पीटकर



हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि गुरुवार को बारा इलाके के सुंदरपुर गांव में 27 वर्षीय चंद्रशेखर भारतीय को बेरहमी से मार डाला गया। बताया गया कि चंद्रशेखर खेत की तरफ गया था, जहां उसे लाठी डंडे से पीटा गया।चंद्रशेखर ने सुंदरपुर चौराहे पर एक गुमटी लगा रखी थी, जिसे तोड़ दिया गया था। इसी वजह से दो पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। युवक की हत्या का पता चलने पर दोपहर में आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और यातायात बाधित कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सड़क पर जमा ग्रामीण हत्या के आरोपितों को उनके सामने लाने की मांग कर रहे हैं। मौके पर एसीपी बारा सहित कई थानों की पुलिस फोर्स है। गुस्साए ग्रामीणों को समझाकर शांत करने का प्रयास किया जा रहा है। खीरी के बाद अब बारा इलाके में बवाल बढ़ने से पुलिस अधिकारी भी परेशान हैं। एक दर्जन थानों की पुलिस फोर्स को घटनास्थल पर रवाना कर दिया गया है।

# प्रयागराज अश्वनी कुमार थाना प्रभारी व धीरेन्द्र कुमार सिंह बने अतिरिक्त थाना प्रभारी खीरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के यमुनानगर के खीरी थाना में एक प्रभारी निरीक्षक व अतिरिक्त प्रभारी उपनिरीक्षक थाना खीरी की जिम्मेदारी सौंपी गई। ज्ञात हो कि तीन-चार दिन पहले थाना खीरी में स्कूल से लौट रहे एक छात्र की



निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से प्रभारी एसओजी रहे निरीक्षक अश्वनी कुमार को थाना प्रभारी खीरी व आईजीआरएस सेल के प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह को अतिरिक्त थाना प्रभारी खीरी की कमान सौंपी है। वहीं उपनिरीक्षक आशीष सिंह को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर वरिष्ठ पीटकर हत्या कर दी गई थी जिससे हड़कंप मच गया था। उसी मामले में लापरवाही बरतने के मामले में पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी खीरी रहे नवीन कुमार सिंह व एक दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया था।शुक्रवार 31 अगस्त को नए थाना प्रभारी व अतिरिक्त प्रभारी की तैनाती की गई।

# मंत्री नन्दी की कलाई पर सैकड़ों बहनों ने बांधी नेह की डोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयाग संगीत समिति रामबाग में रक्षाबंधन उत्सव का हुआ आयोजन हर साल अनोखे अंदाज में रक्षाबंधन का पर्व मनाते हैं मंत्री नन्दी उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज 900 बहनों ने कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के हाथों में राखी बांधकर अपना स्नेहिल आशीर्वाद दिया। मंत्री नन्दी ने बहनों को यथा संभव उपहार भी दिया। मंत्री नन्दी ने एक-एक बहन से की मुलाकात रक्षाबंधन पर बहनों के स्वागत एवं अभिनंदन के लिए प्रयाग संगीत समिति परिसर को सजाया गया करती हैं बहनें मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार में कानून का राज है। जहां गुंडों, माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं हैं। आज घर से निकलने के बाद बहन बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। गुंडों, बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा



प्रयागराज में भाई बहन के परस्पर स्नेह का पर्व रक्षाबंधन बहुत ही खास अंदाज में मनाया। मंत्री नन्दी द्वारा साउथ मलाका रामबाग स्थित प्रयाग संगीत समिति परिसर में रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया। जहां प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा एवं विभिन्न क्षेत्रों से आई था। जहां मंत्री नन्दी ने एक एक बहन से मुलाकात की। बहनों ने तिलक लगाकर मंत्री नन्दी के कलाई में राखी बांधी और मिठाई खिलाई। मंत्री नन्दी ने भी बहनों को उपहार दिया। वहीं हर संभव मदद का वादा किया। योगी सरकार में कानून का राज, खुद को सुरक्षित महसूस रही है। ताकि बहनें बिना किसी डर के घर के बाहर निकल सकें। बहनें बोली, मंत्री नंदी बेहद सरल और जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं महिलाओं का कहना था कि मंत्री नन्दी बेहद सरल और जमीन से जुड़े एक ऐसे व्यक्ति हैं जिनको सभी वर्ग के लोग की कद्र है। कुछ महिलाएं तो ऐसी थी जो मंत्री नंदी को कई सालों से राखी बांधती आ रही हैं। इस दौरान सभी महिलाएं बेहद खुश नजर आई। उधर मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी सभी महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनको किसी तरह की समस्या नहीं होगी। वह एक भाई की तरह फर्ज निभाएंगे। तकरीबन 2 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में शहर के अलग-अलग मोहल्लों से आई 900 बहनों ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के हाथ पर राखी बांधी। मंत्री नन्दी ने पुलिस लाइंस में महिला सिपाहियों से बंधवाई राखी, दिए तोहफे 56 महिला पुलिस अधिकारियों और आरक्षी बहनों ने बांधी राखी उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रयागराज पुलिस लाइन में अनूठे अंदाज़ में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया. मंत्री नंदी ने पुलिस लाइंस सभागार प्रयागराज में जाकर महिला पुलिस अधिकारियों और सिपाहियों से राखी बंधवाई. रक्षाबंधन के त्यौहार पर इन महिला सिपाहियों को घर और भाइयों की कमी न महसूस हो, इसीलिये मंत्री नन्दी खुद पुलिस लाइंस गए और राखी बंधवाई. महिला सिपाहियों ने इस मौके पर मंत्री नंद गोपाल की आरती की. उन्हें टीका और अक्षत लगाया और इसके बाद राखी बांधकर आशीर्वाद लिया. बदले में मंत्री ने रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और उपहार दिया. मंत्री को राखी बांधकर महिला सिपाहियों के चेहरे पर खुशी साफ़ तौर पर झलक रही।

# आधुनिक समाचार और फिल्म् स्टूडियो अलीशा के तत्वाधान मे पुलिस भाइयो को राखी बाँध कर रक्षा बंधन् पर्व मनाया गया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** आधुनिक समाचार और फिल्म् स्टूडियो अलीशा के तत्वाधान मे पुलिस भाइयो को राखी बाँध कर रक्षा बंधन् पर्व मनाया गया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अलीशा सिद्दीकी ,असरा नवाज़, फ़ैसल वहिद मौजूद रहे।

# बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर छात्र की हत्या, परिजनों का चक्काजाम; एस.ओ-चौकी इंचार्ज समेत 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड, विशेष समुदाय के गुट पर आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** यमुनापार के खीरी में छात्र की सोमवार को पीट-पीटकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बीच सड़क पर घेरकर उसे पटरे से तब तक पीटा, जब लश्कर के साथ खीरी पहुंच और लोगों को समझाने में लगे हुए थे। इसके बाद उन्होंने खीरी एसओ गया। बता दें कि यमुनापार के खीरी में चचेरी बहन से छेड़खानी पर विवाद हुआ था। दो गुटों में



हत्या कर दी गयी थी। मंगलवार को जनआक्रोश और विरोध प्रदर्शन को देखते हुए थाना अध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिए गए। कमिश्नर रमित शर्मा, डीएम संजय खत्री लाव लश्कर के साथ मौक़े पर मौजूद हैं। बता दें कि बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर सबकी आँखों के सामने 10वीं के छात्र की तक वह अधमरा नहीं हो गया। बहन सभी आने जाने वालों और खड़े लोगों से बचाने की मिन्नतें करती रही, लेकिन लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे। घटना के बाद कल से ही विरोध हो रहा था। लेकिन आज देर रात जनआक्रोश उबाल पर आ गया था। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा लाव नवीन सिंह और चौकी इंचार्ज सस्पेंड को निलम्बित कर दिया। सभी तक पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परिजनों की तहरीर पर 2 नामजद समेत 5 पर केस दर्ज हुआ है। आज कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम परिजनों और स्थानीय लोगों के द्वारा लगवाया गया खुलवाया विवाद के चलते बात जान लेने की नौबत तक पर आ गई। छेड़खानी के मामले में लड़की अपने भाई के साथ शिकायत करने के लिए स्कूल में भी गई थी, और वहां से ही लौटते समय दूसरे समुदाय के युवकों ने हमला कर दिया। स्कूल से लौटते समय ही हत्या को अंजाम दिया गया।

# प्रयागराज आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलाल को दबोचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज मे आने वाले दिनों में त्योहारी सीजन को देखते ही ई टिकट के दलाल एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को आरपीएफ प्रयागराज ने एक ऐसा दलाल पकड़ा जो अलग-अलग 88 पर्सनल यूजर आईडी से लोगों की ई टिकट बनाकर उसे बेचता था। आरपीएफ के पास जब मुख्यालय से इसकी सूचना आई तो सर्विलांस की मदद से उसे दबोच लिया गया। सोमवार को ही उसे जेल भी भेज दिया गया। आरपीएफ द्वारा 'ऑपरेशन उपलब्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आरपीएफ को मुख्यालय से सूचना मिली कि खुल्दाबाद क्षेत्र में कोई ई टिकट दलाल अलग-अलग यूजर आईडी से रेल टिकट बनाकर लोगों को बेच रहा है। सूचना मिलते ही आरपीएफ प्रभारी शिव कुमार सिंह ने एक टीम का गठन कर सर्विलांस की मदद से संबंधित दलाल को पकड़ने की योजना बनाई। एसआई गौरव के नेतृत्व में टीम ने चकिया, जीटीबी नगर थाना खुल्दाबाद से इमरान नाम के युवक को उसकी दुकान से दबोचा। उसके पास भूत एवं भविष्य के टिकटों सहित संबंधित कंप्यूटर आदि को बरामद किया गया। आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के बाद उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने अलग-अलग नाम से 88 यूजर आईडी बना रखी थी एक आईडी से वह न्यूनतम छह टिकट एक महीने में निकाल सकता था। कहा कि उसकी सभी आईडी की सूचना मुख्यालय से प्राप्त हुई थी। वह इन आईडी से तत्काल / रिजर्वेशन टिकट निकालकर टिकट से ज्यादा पैसा लेकर आम यात्रियों को अवैध रूप से बेचता था। इसके पूर्व 2019 में भी टिकटों के इसी तरह के अवैध धंधे में इसे आर पी एफ पकड़ चुकी है। फिलहाल इमरान को जेल भेज दिया गया है।





# उज्ज्वला कनेक्शन लेने वाले लाभार्थियो अपना आधार नम्बर बैक से लिक कराए वरना भविष्य मे सब्सिडी से वंचित हो सकते है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** जिला पूर्ति अधिकारी सोनभद्र गौरी शंकर शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में ऐसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी जिनका आधार नंबर उनके बैंक खाते से लिंक नहीं है वे भविष्य में उक्त गैस सब्सिडी से वंचित हो केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने हेतु अपनी उज्ज्वला कनेक्शन पासबुक/रसीद बैंक पासबुक तथा आधार नंबर



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ ले रहे समस्त लाभार्थियों को सूचित किया है कि उन्हें वितरित किए जाने वाले सिलेण्डरों पर केन्द्र सरकार द्वारा भारी सब्सिडी का वहन किया जाता है। वर्तमान में ऑयल कम्पनियों द्वारा उक्त केन्द्रीय सब्सिडी का भुगतान केवल आधार कैश ट्रान्सफर कम्प्लाइन्ट (ए0सी0टी0सी0) के माध्यम से, लाभार्थी के आधार लिंक खाते में ही कराया जाना है, जिस कारण सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर बी0पी0सी0एल0 और एच0पी0सी0एल0 कम्पनियों के बिक्री प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित एजेन्सियों के लाभार्थियों का आधार बैंक खाते से समयान्तर्गत लिंक कराना सुनिश्चित करें। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से अनुरोध करते हुए बताया की उज्ज्वला सिलेण्डरों पर लेकर अपनी गैस एजेन्सी अथवा संबंधित बैंक से सम्पर्क कर अपने आधार नंबर को बैंक खाते से शीघ्र लिंक कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में वे भविष्य में उक्त गैस सब्सिडी से वंचित हो सकते हैं। किसी भी असुविधा की स्थिति में लाभार्थियों द्वारा सम्बन्धित गैस एजेन्सी, संबंधित बैंक, संबंधित तहसील स्थित आपूर्ति कार्यालय अथवा जिला पूर्ति कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# जिला पोषण मिशन समिति के कार्यों का जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पोषाहार वितरण के पश्चात पोषण टैकर ऐप पर डाटा फीडिंग में तेजी लाने हेतु समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को किया गया निर्देशित

बी0एच0एन0डी0 की बैठक निर्धारित रोस्टर सेशन के अनुसार और पोषण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की मानीटरिंग बेहतर ढंग से की जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में ''पोषण अभियान'' की जनपद स्तरीय पोषण कन्वर्जेन्स सम्बन्धी बैठक की, बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जिले के विकास व स्वस्थ्य समाज के लिए बच्चों का स्वस्थ्य होना जरूरी है, कुपोषण मुक्त गांव की संकल्पना के साथ ही अधिकारियों को गांव के हिसाब से कार्य आवंटित किये गये हैं, उन्हेंने कहा कि गांवों को शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त बनाये जाने हेतु प्रभावी कदम उठायें जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने 0-3 माह व 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के पोषण टैकर ऐप पर बच्चों के वजन की फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की और सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को



निर्देशित करते हुए कहा कि पोषण टैकर ऐप पर बच्चों के वजन फीडिंग का कार्य बेहतर ढंग से निगरानी की जाये और समय-समय पर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाकर बच्चों के वजन का परीक्षण भी किया जाये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने बी0एच0एन0डी0 की बैठक रोस्टर सेशन के अनुसार किये जाने व पोषण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की मानीटरिंग बेहतर ढंग से किये जाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपनी विकास खण्ड क्षेत्रों में बी0एच0एन0डी0 की बैठक रोस्टर सेशन कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे और बेहतर ढंग से मानीटरिंग भी करेंगें, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यों की बेहतर ढंग से मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें, जिन बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा पोषण अभियान के तहत मानीटरिंग व निरीक्षण के कार्यों में शिथिलता बरती जायेगी तो उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि सैम-मैम बच्चों समय पोषाहार व दवाएं उपलब्ध करायी जाये और उनके स्वास्थ्य का समय-समय पर परीक्षण भी कराया जाये, जिससे कि वह जल्द से जल्द स्वास्थ्य हो सके सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 18 बिन्दुओं के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये, आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण के कार्य की प्रगति में शिथिलता पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सौन्दर्यीकरण के कार्य में तेजी लायी जाये अन्यथा की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्राचार सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, ए0सी0एम0ओ0 डॉ0 आर0जी0 यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांधु शेखर शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# मेंहदी पिया के नाम की थीम पर तीज महोत्सव मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अनपरा (सोनभद्र)।** दिशिता महिला मण्डल रेणुसागर द्वारा हरियाली तीज का आयोजन रेणुसागर पावर



डिवीजन के प्रेक्षागृह में किया गया,जिसमे सुहागिनों द्वारा अपने सुहाग के लंबी उम्र के लिए मनाये जाने वाले इस त्योहार को बहुत ही हर्षोंलास के साथ मनाया। प्रत्येक वर्ष विभिन्न थीम पर तीज महोत्सव का आयोजन होता रहा है, इसी कड़ी में इस वर्ष की तीज थीम मेंहदी पिया के नाम की थी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सीमा जसबीर सिंह, प्रिया सैंथिल नाथ, पूनम राय व दिशिता महिला मण्डल रेणुसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इंदू सिंह ने उपस्थित अतिथियों व अन्य आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की कहा कि यह कार्यक्रम महिला मंडल की सदस्याओं की लगन एवं मेहनत की एक झलक है। आज के दिन सभी सुहागन अपने पतियों के कुशल मंगल व सुखमय जीवन हेतु भगवान शिव व माता पार्वती का ब्रत रखकर विभिन्न प्रकार की सामग्रियों से पूजा पाठ करती हैं। अध्यक्षा ने सभी को तीज महोत्सव की बधाई दी, तथा कहा कि सावन माह में वर्षा ऋतु की फुआर, मेंहदी से सजे हाथ, अनुपम छवि,कजरी गाती, झुला झुलती महिलाऐं इस कार्यक्रम को और भी लुभावना बना देती है। इस वर्ष के हरियाली तीज क्वीन प्रतियोगिता के दूसरे स्थान का खिताब स्मृतिलेखा पटनायक, प्रथम स्थान का खिताब स्वाती वत्स को मिला और वर्ष 2023 की तीज क्वीन प्रतियोगिता का खिताब पूजा सिंह राजपूत ने अपने नाम किया ,साथ ही साथ बेस्ट मेहंदी प्रतियोगिता में खुसबू सरावगी व बेस्ट हेयर स्टाइल में वंदना सिंह ने बाजी मारी । दिशिता महिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा प्रस्तुत अन्य सांस्कृतिक रंगारग क्रार्यक्रमों का आयोजन कार्यक्रम की भव्यता को और भी बढ़ा दिया साथ ही स्वादिष्ट मिठान व पकवान भी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम समापन के पूर्व दिशिता महिला मण्डल की सभी सदस्याओं को प्रोत्साहन हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया, कार्यक्रम का संचालन मेनका अरोड़ा, सचिव कविता श्रीमाली व बबिता त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के अन्त में सह सचिव तुलिका श्रीवास्तव ने उपस्थित सदस्याओं को सहर्ष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिशिता महिला मण्डल की वरिष्ठ सदस्यए विभा शैलेश सिंह , बबिता सिंह ,सपना तिवारी,आशा सैनी, विभा सिंह ,सविता चौबे , सीमा वियाला सहित आदि सदस्याएं उपस्थित थी।

# उद्यमियों एवं कार्यरत कर्मचारियों के लिए पार्ट टाइम प्रबंधन कोर्सेज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** नोएडा उधमियों और कार्यरत कर्मचारियों के लिए प्रबंधन तथा तकनीकी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए संस्थागत कोर्स करना संभव नहीं हो पाता है। इस श्री अजीत सिंह और पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील शर्मा जी का नाम प्रस्तावित हुआ इलेक्शन अफसर डॉक्टर सुरेश शर्मा ने इन सभी नामों की घोषणा की, कार्यक्रम में मेजर सुदर्शन, मेजर



उद्देश्य की पूर्ति के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैटेरियल मैनेजमेंट की स्थापना की गई जिसमें सामग्री प्रबंधन और सप्लाई चैन मैनेजमेंट के पार्ट टाइम कोर्सेज के साथ ही मास्टर डिग्री और पीएच डी भी कराई जाती है इस इंस्टीट्यूट की ग्रेटर नोएडा शाखा में लगभग 58 सदस्य और 28 विद्यार्थी जुड़े हुए हैं ग्रेटर नोएडा शाखा की वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन वनिश मॉल में किया गया जिसमें श्री केपी सिंह अध्यक्ष, सौरभ शर्मा उपाध्यक्ष, सूर्य आर्य महामंत्री तथा गुंजन कोषाध्यक्ष पद पर 2 वर्ष के लिए चुना गया। एग्जीक्यूटिव कमिटी के लिए श्री अनुज भार्गव, श्री अजय शर्मा और श्री अर्णव जैन तथा नेशनल काउंसिल के लिए निशा सिंह और श्री महेश त्यागी के साथ लगभग 40 अन्य सदस्यों ने उपस्थिति द ज कराई इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष श्री केपी सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि पार्ट टाइम कोर्सेज की आवश्यकता टेक्नोलॉजी और प्रबंधन के क्षेत्र में हो रहे विकास के ज्ञान को प्राप्त करने के लिए बहुत ही आवशयक है उन्होंने बताया की नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बहुत सारी औद्योगिक इकाइयां हैं जहां पर लाखों कर्मचारी कार्य करते हैं उनके लिए यह सुविधा बहुत ही उपयोगी है। नई टीम इसका अत्यधिक प्रचार प्रसार करेगी जिससे अधिक से अधिक उद्यमी और कार्यरत कर्मचारी इसका लाभ उठा सकें।

# केवटम गाँव मे कल वन विभाग के अधिकारी एव गाव के लोगो के बीच मे हुई मारपीट मे 5 व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** वन दरोगा राजेन्द्र प्रसाद कि तहरीर पर मुकदमा हुआ दर्ज लगी विभिन्न धारा प्रकरण- अवगत



कराना है थाना माँची के चौकी पनौरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केवटम में वन विभाग के अधि0/कर्म0 व गाँव के लोगो के बीच वन विभाग के नर्सरी में भैंस चराने की बात को लेकर विवाद हो गया था । जिस कारण गाँव के लोगो ने वन विभाग के अधि0/कर्म0 को वन चौकी केवटम पर घेर कर लाठी, डण्डे व राड आदि से मारपीट दिया था । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर वन दरोगा राजेन्द्र प्रसाद शर्मा की तहरीर पर मु0अ0सं0 40/2023 धारा 147, 148, 149, 323, 332, 353, 504, 506, 427 भादवि थाना माँची जनपद सोनभद्र बनाम 1. अमरजीत पुत्र सुबेलाल यादव , 2. रमाकान्त यादव पुत्र सुबेलाल यादव 3. राजेन्द्र पुत्र शंकर चेरो 4. सियाराम पुत्र रामस्वरूप खरवार 5. भोला पुत्र दुक्खी खरवार 6. बिंदु पुत्र लाल कुंवर 7. सुरेन्द्र पुत्र राममूरत निवासीगण ग्राम ढोसरा थाना माँची सोनभद्र 8. रमाकान्त पुत्र बलिराम खरवार 9. राजाराम पुत्र लालधारी खरवार 10. दीपनारायण पुत्र बिग्गू खरवार 11. तेजन पुत्र शोभनाथ खरवार 12.राजेन्द्र पुत्र दीपनारायण खरवार 13. जोगेन्द्र पुत्र दीपनारायण खरवार 14. अरविन्द पुत्र नंदू खरवार 15. राजकुमार पुत्र नंदू खरवार निवासीगण ग्राम केवटम. थाना माँची. जनपद सोनभद्र 16. फिरोज पुत्र सुलाब खरवार 17. गोविंद पुत्र गोला चेरो निवासीगण ग्राम ढोसरा. थाना माँची, जनपद सोनभद्र व अन्य महिला/पुरुष 40 लोग अज्ञात समस्त थाना मांची जनपद सोनभद्र का अभियोग पंजीकृत किया गया है । उक्त के संबंध में थाना मांची पुलिस द्वारा आज दिनांक-29.08.2023 को 05 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण -** 1. अमरजीत पुत्र सुबेलाल,निवासी ग्राम ढ़ोसरा, थाना माँची, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष । 2. दीप नारायण पुत्र विग्गु खरवार, निवासी ग्राम केवटम. थाना माँची. जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 60 वर्ष । 3. तेजन पुत्र शोभनाथ, निवासी ग्राम केवटम, थाना माँची, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 76 वर्ष 4. रामाकान्त पुत्र बलिराम, निवासी ग्राम केवटम, थाना माँची, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 40 वर्ष । 5. अरविन्द पुत्र नन्दू, निवासी ग्राम केवटम, थाना माँची, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1.उ0नि0 विनय कुमार सिंह, थाना मांची, जनपद सोनभद्र । 2.आरक्षी आलोक रमन मिश्रा, थाना मांची, जनपद सोनभद्र । 3.आरक्षी संदीप कुमार मिश्रा, थाना मांची, जनपद सोनभद्र । द4.आरक्षी धर्मदेव विश्वकर्मा, थाना मांची, जनपद सोनभद्र ।




# ग्लोबल टॉक सीरीज़ का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** नोएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ने अपने छात्रों के लिए एक वैश्विक टॉक श्रृंखला का आयोजन और कनाडाई विश्वविद्यालय जैसे कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाए हैं जिनके साथ हम अंतर्राष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रम में जुड़े हुए हैं। प्रोफेसर आबिदी ने अपने संबोधन में कहा



किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्काईलाइन यूनिवर्सिटी शारजाह संयुक्त अरब अमीरात में स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन प्रोफेसर नसीम आबिदी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। जीएलबीआईएमआर की निदेशक डॉद सपना राकेश ने प्रोफेसर आबिदी का स्वागत किया और इस प्रतिस्पर्धी दौर में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के महत्व के बारे में छात्रों को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जीएल बजाज शिक्षण संस्थान के साथ हंगेरियन कि आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सॉफ्टवेयर इस बात पर निर्भर करते हैं कि आप ग्राहकों या निर्माता पक्ष में किसके साथ हैं। उन्होंने स्वचालित पहचान उपकरण, आपूर्तिकर्ता संबंध प्रबंधन, उद्यम संसाधन योजना और ग्राहक संबंध प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम का समापन डॉद शरत शर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। अंत में संकाय समन्वयक डॉद अरविंद भट्ट, डॉद सुरभि सिंह और निशांत त्यागी ने कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# हाथीनाला व चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता अन्तर्राज्यीय 05 नफर पशु तस्कर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह क्षेत्राधिकारी नगर व क्षेत्राधिकारी ओबरा महोदय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों तथा गोतस्करी/गोवध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हाथीनाला एवं चोपन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक गुरुवार को समय सुबह 03.40 बजे रानीताली नाला हाथीनाला के पास से 05 नफर अभियुक्त को वध हेतु तस्करी कर ले जाये जा रहे 38 राशी बैल के साथ गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना हाथीनाला पर मु0अ0सं0- 41/2023 धारा- 8/ए5/3 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। मौके से अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर अभियुक्त गण रामकिशुन चौधरी उर्फ गुड्डू व ओमप्रकाश गोड फरार हो गये। प्रकरण में विधिक कार्यवाही किया जा रही है गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा पुछताछ बताया गया कि 38 राशि बैल को तस्करी कर मध्य प्रदेश के देवसर से उ0प्र0 के जनपद सोनभद्र की सीमा में प्रवेश करते हुए रानीताली नाला हाथीनाला सोनभद्र से होते हुए रजैल्ला थाना नगर उंटारी झारखण्ड वध हेतु ले जा रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर 05 नफर अभियुक्त की गिरफ्तारी व कब्जे से 38 राशि बैल,03 अदद मोबाइल फोन व नगद 545/- रू0 बरामद हुआ। **अभियोग का विवरणः-** 1. मु0अ0सं0- 41/2023 धारा- 8/ए5/3गोवध निवारण अधिनियम थानाहाथीनाला सोनभ



**गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरण** - 1. विजय गोड़ पुत्र नन्द किशोर गोड़ निवासी औराडंडी थाना विण्डमगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब वर्ष 33 2. ओमप्रकाश गोड़ पुत्र त्रिवेणी गोड़ निवासी कोटा थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब वर्ष 32 3. सिद्धू गोड़ पुत्र बन्धन गोड़ निवासी औराडंडी थाना विण्डमगंज जनपद सोनभद्र 4- अशर्फी प्रसाद पासवान पुत्र जद्दु राम पासवान निवासी धरती ढोलवा थाना विंडमगंज जनपद सोनभद्र उम्र 50 वर्ष 5-शेर सिंह गन पुत्र रामसुंदर गुण निवासी मां बस थाना दूधी जनपद सोनभद्र उम्र 22 वष **वांछित अभियुक्तगण** 1. रामकिशुम चौधरी उर्फ गुड्डू पुत्र रघुनंदन चौधरी निवासी बामा थाना नगर उटारी जिला गढ़वा झारखंड उम्र 40 वर्ष 2. वीरेंद्र पासवान पुत्र अज्ञात निवासी धरती डोलवा थाना विण्डमगंज जनपद सोनभद्र उम्र 45 वर्ष 3. मोती चंद्र पासवान पुत्र स्वदेशई निवासी सलाईयाडीह थाना विण्डमगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30वर्ष 4. हैसियत अंसारी पुत्र स्व0 जमालुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम बरडिहा थाना नगर उठारी जनपद गढ़वा झारखण्ड 5. सदीक अंसारी पुत्र झूरी अंसारी निवासी ग्राम छतरपुर थाना गढ़वा, जिला गढ़वा झारखण्ड 6. इत्मियाज अंसारी पुत्र सदीक अंसारी निवासी ग्राम छतरपुर थाना गढ़वा, जिला गढ़वा झारखण्ड 7. विसम्भर पटेल व पुत्र इन्द्रमन पटेल निवासीग्राम पड़ेवा थाना हाथीनाला जनपद सोनभद्र 8. अछन्दर पटेल पुत्रइन्द्रमन पटेलनिवासीग्राम पकड़ेवा धाना हाथीनाला जनपद सोनभद्र **गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-** गुरुवार समय 03.40 बजे सुबह स्थान रानीताली नाला हाथीनाला के पास से **बरामदगी का विवरण-** 1.38 राशि बैल 2. 03 अदद मोबाइल फोन 3. नगद 545/- रूपया अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम मे विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक, थाना चोपन उ0नि0 चन्द्रभान सिंह थानाध्यक्ष हाथीनाल,उ0नि0 रामबचन यादव, थाना हाथीनाला, उ0नि0 उदयनारायन यादव, थाना हाथीनाला, हे0का0 विनोद यादव, थाना हाथीनाला, हे0का0 तेरसू यादव, थाना हाथीनाला, जनपद सोनभद्र हे0का0 रूद्रकांत यादव, थाना चोपन, हे0का0 हवलदार यादव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र शामिल रहे।

# बनते ही दो दिन में उखड़ जाती है सड़क, जिम्मेदार कौन

**(आधुनिक समाचार सेवा) .**
**डाला सोनभद्र ।** बनते ही टूट कर बिखर जाती है सड़क ,आखिर किस मानक के अनुसार बनाया जाता है, डाला बाजार नगरवासियों को जिन समस्याओं का सामना करना जोड़ता है उनका दर्द समझने के बजाय जिम्मेदार रास्ता बदल देते है। डायवर्जन में डालाबाजर नगर पंचायत अंतर्गत लालबत्ती से ओबरा जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर जैसे ही बारिश हुई सड़क उखड़ कर समाप्त हो जाता है। आखिर किस मानक से बनाया जाता है। सड़क पर गड्ढा या गड्ढे में सड़क । मरम्मत कर्ता द्वारा सड़क पर पुराने सड़क की छटी हुई गिट्टी को



तारकोल के चासनी में छुआ कर सड़क पर गिरा दिया जाता है। जिसमे कोई तारकोल को मिक्सिंग होकर नही आती और तत्काल में रोलर से दबा दिया जाता है। सभी जिम्मेदार को सड़क से गुजरने वाले गाड़ियों के आवगमन व लोड का पता है परन्तु इस खागजी कोरम को भी नजर अंदाज न करें।

# कन्या सुमंगला योजना कार्यक्रम का एन0आई0सी0 में दिखाया गया सजीव प्रसारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** शासन की मशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा लखनऊ में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुना। तत्पश्चात मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों द्वारा अतिथियों को तिलक लगाकर राखी बांधी गई। बालिकाओं को प्रतीक चेक, सेलिब्रेशन गिफ्ट आदि दिया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा 2024-25 में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला




एन0आई0सी0 मीरजापुर में अध्यक्ष नगर पालिका मीरजापुर श्याम सुंदर केसरी, सदर विधायक उप प्रतिनिधि रंजू अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस उपस्थिति रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी को आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी। उपस्थित जन प्रतिनिनिधियों व अधिकारियों ने राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को देखा एवं योजना में छः किस्तों में दिए जा रहे रूपये 15000 को बढ़ाकर रूपये 25000 करने की घोषणा की गयी। अध्यक्ष नगर पालिका द्वारा सभी लाभार्थी बालिकाओं को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी डॉ मंजू यादव, जिला समन्वयक शालिनी, दिव्या जायसवाल, वन स्टाफ सेंटर के कार्मिक , मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# डाला में मानक के विपरीत शौचालय निर्माण , फिर भी हो रहा भुगतान

**(आधुनिक समाचार सेवा) .**
**डाला सोनभद्र ।** कितनी खामियों के बीच बन रहा शौचालय जिसका वर्णन नगरवासी या नगर के जिम्मेदार नही कर पा रहे । वही मानक को ताख पर रख कर मनमाने पहले ही शौचालय के कक्षों की उचांई कम होने के कारण शिकायत में जांच पर सम्बन्धित जेई द्वारा तोड़वा दिया गया । जेई अरविंद कुमार से बताया कि दरवाले की ऊंचाई 2 मीटर होनी चाहिए वही 1




ढंग से निर्माण कार्य का श्रेय किसको दिया जाय। शौचालय के निर्माण मानक के विपरीत और जिम्मेदार में खुश, आखिर ऐसी क्या परिस्थिति है कि मानक के विपरीत सामने बने भवन के दरवाजा भी मानक के बिपरीत ही बन गया। ऐसे में शिकायतों की ढेर लग गयी परन्तु ऊँची सुनने वालों को न कुछ दिखायी दे रहा ना ही सुध लेने को तैयार है। शहिद स्थल पर बन रहा शौचालय प्रारम्भ से ही आँख मिचौली में चक रहा है। वही सामने बने भवन का नीव मानक के विपरीत तो डोर भी मानक के विपरीत है जो डाला ही नहीं गया। कुछ दिनों मीटर 70 सेंटीमीटर ही मिला । उसके बाद तोड़ने का आदेश देकर ग़ायब हो गए। लेकिन सामने बने भवन के दरवाजा तो जैसे का तैसा छोड़ दिया गया। । याब लाखों खर्च के बाद शौचालय की ऐसी स्थिति में जिम्मेदार पल्ला झाड़ रहे है। जेई अरविंद कुमार से जब भी साइड पर लरकलां लागत या स्टीमेट मांगा गया तो यह बोल कर टाल देते है कि काम अच्छा हो रहा है। यदि कार्य अच्छा है तो फिर भवन का दरवाजा उचाई में काम कैसे हो गया। नगर के मानिंद नगरवासियों ने बताया कि स्टिमेट के अनुसार जांच कर ठेकेदार व जेई के प्रति उचित कार्यवाही करने की जरूरत है।

# नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने लालडिग्गी स्थित नगर पालिका के प्रधान कार्यालय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। के लिए भी निर्देशित किया।जिन भवनों को आवासीय दर्शा कर गैर आवासीय कार्य किया जा रहा है। उन्हे चिन्हित कर उस भूभाग पर गैर आवासीय टैक्स लगाने के लिए अधिकारियो को कहा। बैठक में



उन्होंने बारी-बारी से सभी विभागों के कर्मचारियों से वार्डो में कर वसूली की जानकारी ली।वसूली में बढ़ोत्तरी करने के साथ ही विवादित बकायेदारों को चिन्हित करने का भी निर्देश दिया।सरकारी इमारतों पर लगे बिल का वितरण कर शत प्रतिशत वसूली के लिए निर्देशित किया।उन्होंने डबल डिमांड और बोगस डिमांड की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण कर उसे समाप्त करने कर अधीक्षक ने बताया की नगर में 18 करोड़ रूपया का जलमुल्य बकाया है।नपाध्यक्ष ने जनता में प्रचार प्रसार कर इसकी वसूली के लिए अधिकारियो को निर्देशित किया।इस मौके पर कर निर्धारण अधिकारी अरविंद यादव,कर अधीक्षक सरदेंदु सिंह,राजस्व निरीक्षक अनिल जायसवाल, राजित यादव, संजय पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कजरी के संरक्षण व पहचान दिलाने के दृष्टिगत की गई कजरी स्मारक की स्थापना

## कजरी स्मारक व कजरी महोत्सव का केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा किया जाएगा लोकार्पण/उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** जनपद की लोकविधा कजरी के संरक्षण व आने वाली पीढ़ी को पहचान दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा जन सहयोग के माध्यम से कजरी स्मारक का निर्माण बरौधा स्थिति पंडित रामचंद्र शुक्ल पार्क में कराईं गई। आगामी 02 सितम्बर 2023 को कजरी पर्व के दिन कजरी स्मारक का लोकार्पण मा0 केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी के द्वारा किया जायेगा। इसी क्रम में मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री जी द्वारा बी0एल0जे0 ग्राउंड महुअरिया में 02 सितम्बर को संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कजरी महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने प्रेस प्रतिनिधियों से प्रेसवार्ता कर दी। जिलाधिकारी ने बताया कि बी0एल0जे0 ग्राउंड में कार्यक्रम के पूर्व आचार्य रामचंद्र शुक्ल पार्क बरौधा में कजली के संरक्षण हेतु कजली स्मारका का भी निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इसका उद्घाटन मा0 केंद्रीय मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल के द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात कजरी गायन कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात बी0एल0जे ग्राउंड में आयोजित कजरी महोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम में 06:00 बजे मुख्य




अतिथि का आगमन आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पार्क बरौंधा कचार, 06:05 बजे से 06:45 मुख्य अतिथि द्वारा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पार्क स्थित कजरी स्मारक का लोकार्पण एवं जनपद मीरजापुर में कजरी गायन विधा से जुड़े कलाकारों (उत्तर प्रदेश शासन संस्कृति अनुभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची में चयनित) को सम्मानित करने का कार्यक्रम, सांय 06:45 बजे मुख्य अतिथि का प्रस्थान, सांय 06:55 बजे मुख्य अतिथि का आगमन कजरी महोत्सव बी0एल0जे0 ग्राउंड मीरजापुर, सांय 06:57 बजे मुख्य अतिथि का वी0वी0आई0पी0 स्थान पर स्थान ग्रहण, सांय 07:00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ, सांय 07:05 बजे मुख्य अतिथि का स्वागत, सांय 07:06 बजे विशिष्ट अतिथि का स्वागत, सांय 07:14 बजे अन्य गणमान्य अतिथिगण का स्वागत कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।उन्होंने महोत्सव के बारे मे बताया कि सांय 07:20 से 07:30 बजे तक कजरी गायक रमेश भंवरा की प्रस्तुति, सांय 07:40 से 07:50 बजे तक शेषमणि की प्रस्तुति, रात्रि 08:00 बजे से 08:10 बजे तक अंतरराष्ट्रीय लोकगीत/कजरी गायिका उषा गुप्ता के द्वारा कजरी गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात रात्रि 08:20 बजे से 08:30 बजे तक विद्यासागर की प्रस्तुति, रात्रि 08:40 बजे से 08:50 बजे तक सुप्रसिद्ध कजरी गायिका उर्मिला श्रीवास्तव की प्रस्तुति, तथा रात्रि 09:00 बजे से 09:10 बजे तक सुप्रसिद्ध कजरी गायिका पद्मश्री श्रीमती अजीता श्रीवास्तव के द्वारा कजरी गायन की प्रस्तुति की जाएगी। रात्रि 09:15 बजे से 09:30 बजे तक मुख्य अतिथि का उद्बोधन, रात्रि 09:30 बजे धन्यवाद ज्ञापन होगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा उपरोक्त दोनों कार्यकर्ता में जनपद के सभी सम्मानित नागरिकों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, उप जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ यादव, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश कुमार भारती व प्रेस प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बनौरा गाँव के बेलन नदी पुल के पास मिला लावारिस नवजात शिशु- रोमी पाठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** को दोपहर मे विश्वस्त सूत्रो से जानकारी प्राप्त हुआ की ग्राम बनौरा थाना पन्नूगंज स्थित बेलन नदी पुल के पास तत्काल जन्म



लिया एक नवजात शिशु (बालिका) अज्ञात मिली है जिसके सम्बन्ध में तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक ओ. आर. डब्ल्यू. शेषमणि दुबे व बाबु अहमद की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके उपरान्त टीम द्वारा थाना पन्नूगंज से समन्वय स्थापित करते हुए उप निरीक्षक रामज्ञान सिंह यादव व मुख्य आरक्षी अनिलेश सिंह,धनञ्जय राय एवं महिला आरक्षी साधना पाण्डेय, सुनैना गौड के साथ ग्राम बनौरा पहुंचे जहाँ पर तत्काल टीम द्वारा नवजात शिशु (बालिका)अज्ञात को अपने संरक्षण ले लिया गया उसके उपरान्त प्रथम उपचार हेतु अज्ञात नवजात शिशु को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चतरा (तियरा) हेतु ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उपचार किया जा रहा है संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा बताया गया कि अज्ञात नवजात शिशु के सम्बन्ध में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी साथ ही यह भी बताया गया कि यदि इस प्रकार की घटना के संबंध में यदि कभी कोई जानकारी प्राप्त होती है तो तत्काल सूचना सम्बंधित थाने , जिला बाल संरक्षण इकाई, थाना मानव तस्करी रोधी इकाई, बाल कल्याण समिति सोनभद्र को घटना के बारे मे अवगत कराया जा सकता है।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड कि ली गई सलामी साथ ही निरीक्षण के पश्चात सभी शखाओ की चेकिंग कि गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सोनभद्र/अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र कालू सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई, परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर आर्मरी, क्वार्टर गार्द, स्टोर रुम, अर्दली-कक्ष, बैरक, मेंस, परिवहन शाखा निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे ।



# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर मंगलवार की दोपहर नगर के सिविल लाइन स्थित सिटी क्लब प्रेक्षा गृह के सभागार में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 को लेकर विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस बैठक में सीओ सदर,ईओ,उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण इकाई बोर्ड सोनभद्र के सदस्य,विधिक सेवा के सचिव,मिर्जापुर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शत्रुधन केशरी के साथ आमजन ने भी प्रतिभाग किया।इस बैठक में लोगो को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 को लेकर जागरूकता के साथ एवं विधिक साक्षरता की जानकारी दी गई।इस मौके पर ईओ अंगद गुप्ता ने कहा की ठोस अपशिष्ट निस्तारण के लिए वार्डो से गीले सूखे कूड़े को उठाने के लिए निर्देशित किया गया है।कुछ वार्डो में डोर डोर कूड़ा कलेक्ट भी किया जा रहा है।नगर में पांच एमआरएफ सेंटर प्रस्तावित है।जिसमे एक सेंटर पर कूड़े का पृथककरण किया जा रहा है।नगर में ट्रिपल आर सेंटर बनाए जा रहे है। जहा लोग अपने अनुपयोगी चीजों को देकर कूड़ा रिड्यूस करने में हमारी सहायता करेंगे।इस मौके पर विधिक सेवा के सचिव ने कहा की कूड़े का निस्तारण अपने स्तर से करना होगा,गीले कूड़े से स्वयं घर पर कंपोस्ट खाद बनाकर अपने किचन गार्डन में प्रयोग करें।हमारे दैनिक जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग एक मुख्य भाग हो गया है।हमें स्वयं में चेतना लानी होगी और दूसरों को भी प्रेरित करना होगा,नही तो आनेवाले समय में पर्यावरण को क्षति के साथ-साथ मानव जीवन भी अनेक असाध्य बीमारियों से ग्रसित हो जाएगा।हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि आज ही हम संकल्प करें कि अपने जीवन में प्लास्टिक का प्रयोग कदापि नहीं करेंगे।इस मौके पर धीरज पाण्डेय ,कार्यक्रम का संचालन डीपीएम संजय सिंह ने किया।



# मेस्सी के शामिल होने के बाद इंटर मियामी ने पहली बार किया ये कारनामा, प्लेऑफ की ओर टीम ने बढ़ाया कदम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंटर मियामी ने लियोन मेसी के टीम में सम्मिलित होने के बाद पहली बार नैशविले के विरुद्ध गोलरहित ड्रॉ खेला। घरेलू मैदान पर मेजर लीग साकर में पहला मैच खेल रहे लियोन मेसी ने फ्री किक पर गोल दागने के दो अवसर गंवा दिए और यह पहली बार था जब उन्होंने इंटर मियामी के लिए एक मैच में एक भी गोल नहीं दागा। इंटर मियामी ने हालांकि, इस मैच में एक अंक प्राप्त किए और सत्र के अंत में प्लेआफ में क्वालीफाई करने की अपनी कोशिश में एक और कदम बढ़ाया। टीम को अब एमएलएस के प्लेआफ में क्वालीफाई करने के लिए शेष 11 मैचों में 11 अंक और प्राप्त करने होंगे। वर्तमान में टीम 14वें स्थान पर है और प्लेआफ में खेलने के लिए उसे नौवें स्थान के अंदर रहना अनिवार्य है। मेसी के टीम में सम्मिलित होने के बाद से विगत सभी नौ मैचों में इंटर मियामी ने जीत प्राप्त की है। इस दौरान मेसी ने कुल 11 गोल दागे, इनमें तीन मैचों में उन्होंने एक से अधिक गोल किए। जून में फिल नेविले के स्थान पर इंटर मियामी के कोच बने टाटा मार्टिनो ने कहा कि भले ही हमने विगत कुछ मैचों में जीत प्राप्त की है, परंतु टीम गत दो महीनों में कई बदलाव करने के कारण सामंजस्य बिठाने का प्रयास कर रही है।



# ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपडा अमेरिका में अब इस दिन होगा फाइनल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा शुक्रवार को ज्यूरिख डायमंड लीग में अपने अंतिम प्रयास में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ जैकब थ्रो फाउल रहे। दोनों के थ्रो में ज्यादा अंतर नहीं था। वडलेज्च 85.86 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ नंबर पर रहे। इसके चलते नीरज नीर ण्र्दर्ज़ को सिल्वर मेडल में भारतीय चैंपियन का ये पहला सिल्वर मेडल है। इससे पहले उन्होंने गोल्ड ही जीता है। छठे प्रयास में सफल होने के कारण वे दूसरे स्थान पर



वाडलेज्च के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पहले नंबर पर चेक के वडलेज्च रहे। नीरज चोपड़ा शुक्रवार को ज्यूरिख डायमंड लीग में अपने अंतिम प्रयास में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ जैकब वाडलेज्च के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इसके चलते नीरज को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा ओर चेक के वडलेज्च ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरज के कुछ प्रयास निराशाजनक रहे। उनके कुल छह प्रयासों में से तीन से संतोष करना पड़ा ओर चेक के वडलेज्च ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। तीसरे नंबर पर जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता रहे। नीरज के कुछ प्रयास निराशाजनक रहे। उनके कुल छह प्रयासों में से तीन थ्रो फाउल रहे और वे डायमंड लीग प्रतियोगिता में जीत की हैट्रिक नहीं बना सके। बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद वह ज्यूरिख चले गए है। इस सत्र रहे। डायमंड लीग का फाइनल 16-17 सितंबर को अमेरिका के यूजीन में होगा। नीरज पहले ही इसके लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। उन्होंने इससे पहले दोहा और लुसाने चरण में पहला स्थान प्राप्त किया था, जबकि चोटिल होने के कारण मोनाको चरण में भाग नहीं ले सके थे। लंबी कूद में भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर 7.99 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

# प्रणय को कांस्य से करना पड़ा संतोष, विश्व चैंपियनशिप में यह रिकॉर्ड रखा बरकरार


**कोपनहेगनस।** एचएस प्रणय का विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में चैंपियनशिप में कम से कम एक पदक जीतने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। प्रणय दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआती गेम



थाइलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण से तीन गेम में हारकर समाप्त हो गया, जिससे उन्होंने कांस्य पदक से अपना अभियान खत्म किया। इस तरह भारत ने 2011 के बाद से विश्व चैंपियनशिप में कम से कम एक पदक जीतने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। प्रणय दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआती गेम की बढ़त को गंवा बैठे। दूसरे गेम में वह 5-1 से बढ़त बनाए थे लेकिन तीन बार के पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन विदितसर्ण ने बेहतर डिफेंस और अटैक के बूते 18-21 21-13 21-14 से जीत हासिल की। इस तरह भारत ने 2011 के बाद से विश्व की बढ़त को गंवा बैठे। दूसरे गेम में वह 5-1 से बढ़त बनाए थे, लेकिन तीन बार के पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन विदितसर्ण ने बेहतर डिफेंस और अटैक के बूते 18-21, 21-13, 21-14 से जीत हासिल कर लगातार दूसरे फाइनल में प्रवेश किया। इस हार के बावजूद प्रणय के लिए यह शानदार उपलब्धि रही क्योंकि वह विश्व चैंपियनशिप का पदक जीतने वाले पांचवें भारतीय पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी बन गए। किदांबी श्रीकांत (रजत), लक्ष्य सेन (कांस्य), बी साई प्रणीत (कांस्य) और प्रकाश पादुकोण (कांस्य) पुरुष सिंगल्स में पदक जीत चुके हैं।

# विश्व चैंपियनशिप में वजन नहीं उठाएंगी मीराबाई चानू, एशियाई खेलों पर करना चाहती हैं फोकस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की निगाहें एशियाई खेलों में पदक जीतने पर लगी हैं इसलिए वह अगले के लिए ही जाएंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए विश्व चैंपियनशिप अनिवार्य क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है जो चार सितंबर से रियाद में शुरू होगा पेरिस ओलंपिक के लिए विश्व हिस्सा लेती हैं और उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में महज 60 किग्रा के वजन के लिए ही पंजीकरण किया है। इसके आधार पर उन्हें प्रतियोगिता के ग्रुप डी में रखा गया



हफ्ते होने वाली विश्व चैंपियनशिप में वजन नहीं उठाएंगी बल्कि अपनी हिस्सेदारी की जरूरी औपचारिकता पूरी करने के लिए ही जाएंगी। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की निगाहें एशियाई खेलों में पदक जीतने पर लगी हैं इसलिए वह अगले हफ्ते होने वाली विश्व चैंपियनशिप में वजन नहीं उठाएंगी बल्कि अपनी हिस्सेदारी की जरूरी औपचारिकता पूरी करने चैंपियनशिप अनिवार्य क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है जो चार सितंबर से रियाद में शुरू, होगी जबकि एशियाई खेल इससे 20 दिन से भी कम समय में 23 सितंबर से चीन के हांगझू में आयोजित होंगे। इन दो प्रतियोगिताओं के बीच इतना कम समय है कि इससे भारोत्तोलकों के लिए दोनों टूर्नामेंट में अपना वजन सही रखने और शिखर पर पहुंचना मुश्किल हो जाएगा मीराबाई 49 किग्रा वजन वर्ग में है। जो भारोत्तोलक ऊंचे वजन के लिए पंजीकरण कराता है, उसी के आधार पर उन्हें ग्रुप ए, ग्रुप बी आदि में जगह मिलती है। मीराबाई 2017 में विश्व चैंपियनशिप जीत चुकी हैं जिससे वह इससे हट सकती थीं, लेकिन 2024 ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम के अंतर्गत एक भारोत्तोलक को 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है।

## भारत-पाकिस्तान मैच से पहले शादाब खान ने पुराने जख्मों को किया ताजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले महामुकाबले से पहले दोनों टीमों के दिग्गजों के बीच जुबानी जंग चल रही हैं। इस हाई-वोल्टेज मैच से पहले पाकिस्तान टीम के ऑलराउंडर शादाब खान ने विराट कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया। एशिया कप 2023 में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले महामुकाबले से पहले दोनों टीमों के दिग्गजों के बीच जुबानी जंग चल रही हैं। इस हाई-वोल्टेज मैच से पहले पाकिस्तान टीम के ऑलराउंडर शादाब खान ने विराट कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए शादाब ने कहा कि कोहली एक वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए शादाब ने कहा कि कोहली एक वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं और वह जानते हैं।

# भारतीय मेंस हॉकी टीम ने बांग्लादेश को 15 1 से रौंदा, मनिंदर सिंह ने दागे चार गोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सलाला।** मनिंदर सिंह के चार गोल और मोहम्मद राहिल की हैट्रिक की मदद से भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश को 15-1 से करारी शिकस्त देकर पुरुष एशियाई हाकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने अपने कमजोर प्रतिद्वंदी के विरुद्ध शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। मनिंदर सिंह के चार गोल और मोहम्मद राहिल की हैट्रिक की मदद से भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश को 15-1 से करारी शिकस्त देकर पुरुष एशियाई हाकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने अपने कमजोर प्रतिद्वंदी के विरुद्ध शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल सावोन सरोवर ने किया बांग्लादेश ने शुरुआत में गोल कर दिया था, लेकिन इसके बाद भारत ने उसको आगे ऐसा कोई मौका नहीं दिया।भारत की तरफ से मनिंदर ने 10वें, 18वें, 28वें और 30वें मिनट में जबकि राहिल ने दूसरे, 15वें और 24वें मिनट में गोल किये। इनके अलावा सुखविंदर (13वें, 22वें), गुरजोत सिंह (13वें, 23वें) और पवन राजभर (19वें, 26वें) ने दो-दो जबकि मंदीप मोर (आठवें), और दिपसन टिर्की (नौवें) ने एक-एक गोल दागा। बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल सावोन सरोवर (दूसरे मिनट) ने किया। भारत बुधवार को दो मैच खेलेगा। पहले उसका सामना मेजबान ओमान से होगा और फिर वह चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगा। वह गुरुवार को मलेशिया और जापान का सामना करेगा।



# राशिफल





**मेष-:**आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी में हैं।

**वृष-:**आज व्यापार की दृष्टि से शुभ समय है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

**मिथुन-:**ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है. भाई-बहन से किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**कर्क-:**इससे आप अपनी व्यवसाय संबंधी समस्याओं को सुलझाने में पहल और अधिक रुचि ले सकेंगे। साझेदारी आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन ला सकती है।

**सिंह-:**थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं। नए जोड़ों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य की दृष्टि से आज का दिन बेहतर है।

**कन्या-:** व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। आपके लिए आर्थिक लाभ कमाने के अप्रत्याशित रास्ते भी खुलने की संभावना है।

**तुला-:** घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। घर के बुजुर्ग आपके काम से प्रभावित होंगे।


**वृश्चिक-:**आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और महत्वपूर्ण अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।

**धनु-:**किसी काम में आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है।

**मकर-:**आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय कठिन हो सकता है। व्यावसायिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

**कुंभ-:**आज आपको किसी खास काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। आप परिवार के साथ कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

**मीन-:**आज का दिन उत्तम है। जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश में हैं या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।






# मलेशिया को पीटकर भारतीय महिला हॉकी टीम ने हासिल किया वर्ल्ड कप का टिकट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कप्तान नवजोत कौर की हैट्रिक की बदौलत भारत ने यहां महिला एशियाई हाकी 5 विश्व और टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। मारियाना कुजुर और मिनट) और अजीज जाफिराह (16वें मिनट) में गोल किए। हाकी 5 विश्व कप का शुरुआती चरण अगले साल 24 से 27 जनवरी तक मस्कट में बनाई।भारत ने तुंरत जवाबी हमले किए और तेजी से दो गोल कर स्कोर 4-3 कर दिया। पहले हाफ में एक मिनट का समय बचा था




कप क्वालीफायर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मलेशिया को 9-5 से शिकस्त दी और टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई किया। कप्तान नवजोत कौर की हैट्रिक की बदौलत भारत ने यहां महिला एशियाई हाकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मलेशिया को 9-5 से शिकस्त दी ज्योति ने भी दो-दो गोल दागे। नवजोत (सातवें, 10वें और 17वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि मारियाना कुजुर (नौवें, 12वें मिनट) और ज्योति (21वें और 26वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे। वहीं मोनिक्का दिपी टोप्पो (22वें मिनट) और महिमा चौधरी (14वें मिनट) ने एक-एक गोल किए। मलेशिया के लिए जैती मोहम्मद (चौथे और पांचवें मिनट), डियान नजेरी (10वें और 20वें खेला जाएगा। भारत ने मैच में तेज शुरुआत की लेकिन मलेशिया ने जैती मोहम्मद के जरिये बढ़त बना ली। एक मिनट बाद इसी खिलाड़ी ने मैदानी गोल से इसे दोगुना कर दिया। भारत ने दो मिनट बाद नवजोत के गोल से अंतर कम किया और फार्म में चल रहीं कुजुर ने फिर भारत को 2-2 से बराबरी दिलाई। दोनों टीमें लगातार हमले कर रही थीं, मलेशिया ने नाजेरी के जरिये बढ़त और महिमा चौधरी ने बढ़त 5-3 करने में मदद की। दूसरे हाफ में दोनों टीमें आक्रामक थीं और खतरनाक दिख रही थीं। मलेशिया ने मौके का फायदा उठाकर जाफिराह की बदौलत गोल कर अंतर कम किया। इसके बाद भारत ने नवजोत, ज्योति और टोप्पो के गोल की मदद से 8-5 की बढ़त बना ली थी। चार मिनट बचे थे, तभी ज्योति ने भारत के लिए नौवां गोल कर दिया।

# सम्पादकीय

## विकसित देश बनने की राह पर भारत, कारगर साबित होंगी बेहतर नीतिया

बेहतर नीतियों से अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और इसी कारण प्रति व्यक्ति आय के मौजूदा दो लाख से बढ़कर 2047 में 14.9 लाख रुपये होने का अनुमान है। आजादी के 100वें वर्ष, यानी 2047 में भारत दुनिया का शक्तिशाली देश बन सकता है, इसका पता लोगों द्वारा दाखिल किए गए आयकर रिटर्न के विश्लेषण से चलता है। देश की आबादी अभी 140 करोड़ है, जिसके 2047 में 161 करोड़ होने का अनुमान है। फिलहाल देश में कामगारों की संख्या 53.0 करोड़ है, जो 2047 में बढ़कर 72.5 करोड़ हो सकती है। आयकरदाताओं की संख्या अभी 31.3 करोड़ है, जो 2047 में बढ़कर 56.5 करोड़ हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, वर्ष 2040 तक 15 से 64 साल उम्र वाले कामगारों की संख्या उच्च स्तर पर रहेगी, पर उसके बाद इसमें कमी आएगी। आकलन बताता है कि 2047 में 22 फीसदी कामगार ही कृषि से जुड़े रहेंगे। चूंकि, कृषि क्षेत्र में कार्यरत किसानों को आयकर से छूट प्राप्त है, इसलिए किसानी में कामगारों की संख्या घटने और दूसरे क्षेत्र में इनकी संख्या बढ़ने से आयकर संग्रह में वृद्धि होगी। निर्धारण वर्ष 2023 में लोगों की भारित औसत आय 13 लाख रुपये हो गई, जो 2047 में बढ़कर 49.7 लाख रुपये होने का अनुमान है। निर्धारण वर्ष 2023 में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या वर्ष 2022 की 7.3 करोड़ से बढ़कर 7.8 करोड़ हो गई है। इनमें से 5.8 करोड़ या 75 प्रतिशत आयकर रिटर्न निर्धारित तारीख से पहले दाखिल की गई। निर्धारित तिथि के बाद दंड शुल्क के साथ आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या में भारी कमी आई है। निर्धारण वर्ष 2023 में सबसे ज्यादा आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले पांच राज्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और पश्चिम बंगाल हैं। छोटे राज्यों में मणिपुर, मिजोरम और नगालैंड में विगत नौ वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या में 20 फीसदी की वृद्धि हुई। निर्धारण वर्ष 2015 की तुलना में 2023 में 4.81 करोड़ अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए और 2023 में 2020 के मुकाबले एक करोड़ अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। रिटर्न दाखिल करने वालों के कार्यस्थल और उनके स्थायी निवास में अंतर देखने में आया है, जिसका कारण कामगारों का रोजगार हेतु दूसरे प्रदेशों में पलायन करना है। निर्धारण वर्ष 2011 में 1.6 करोड़ या 84 फीसदी लोग आयकर के पांच लाख रुपये वाले स्लैब में आते थे, जिनकी संख्या निर्धारण वर्ष 2023 में बढ़कर 6.85 करोड़ हो गई। विगत कुछ वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और उनकी आय, दोनों में इजाफा हुआ है। 2012 के मुकाबले 2023 में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों में 13.6 फीसदी ने पांच लाख रुपये से ऊपर वाले स्लैब में शिफ्ट किया है, जिनमें से 8.1 फीसदी लोगों ने पांच लाख से 10 लाख के स्लैब में, 3.8 फीसदी ने 10 लाख से 20 लाख रुपये के स्लैब में, जबकि 1.5 फीसदी लोगों ने 20 लाख रुपये से 50 लाख के स्लैब में शिफ्ट, 0.2 प्रतिशत लोगों ने 50 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के स्लैब में और 0.02 फीसदी लोगों ने एक करोड़ रुपये से ऊपर के स्लैब में शिफ्ट किया है। अनुमान है कि आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले करीब 27 फीसदी लोग 2047 में नीचे से ऊपर के स्लैब में शिफ्ट कर जाएंगे। ऐसे 17.5 फीसदी लोग पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये वाले स्लैब में, जबकि पांच फीसदी लोग 10 लाख से 20 लाख रुपये वाले स्लैब में शिफ्ट करेंगे। तीन फीसदी लोग 20 लाख से 50 लाख के स्लैब में, 0.5 फीसदी लोग 50 लाख से एक करोड़ रुपये के स्लैब में और 0.075 फीसदी लोग एक करोड़ से ऊपर के स्लैब में शिफ्ट करेंगे। आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में वृद्धि के अनेक कारण हैं, जैसे निम्न आय वर्ग के लोगों की आय में वृद्धि, वैसे लोगों की संख्या में इजाफा, जो पहले आयकर रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे थे, तथा कम या शून्य आय दिखाने वाले लोगों की संख्या में कमी। यानी सरकार की बेहतर नीतियों की वजह से अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और इसी वजह से प्रति व्यक्ति आय के मौजूदा दो लाख रुपये से बढ़कर 2047 में 14.9 लाख रुपये होने का अनुमान है।

# जेल में देसी मुर्गी फिर भी मुश्किल में इमरान खान की मकबूलियत से सेना परेशान

सरकारी दस्तावेज गायब करने के मामले में इमरान खान दोषी साबित हुए, तो उन्हें उम्रकैद की सजा हो सकती है। दूसरी तरफ सेना पूरी कोशिश कर रही है कि चुनावों में देरी हो, ताकि इमरान उनमें भाग न ले सकें, क्योंकि उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। जब हिंदुस्तान ने पिछले दिनों पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना अंतरिक्ष यान उतारा, तब पाकिस्तान में भी इसका जश्न मनाया गया। एक दक्षिण एशियाई देश के लिए यह उपलब्धि पाना वाकई सराहनीय है। सोशल मीडिया इस मामले में भला कहां पीछे रहने वाला था, सो, इस पर कई मजेदार वीडियो भी देखने को मिले। मगर, सबसे अच्छा वह था, जिसमें एक पाकिस्तानी किसी न्यूज एंकर को बताता है कि वह इस खबर से उत्साहित नहीं हुआ, क्योंकि, 'चांद पर न बिजली है, न रसोई गैस, न पानी। ये चीजें तो मुझे भी मयस्सर नहीं हैं, यानी मैं चांद पर हूं।' इस बीच सुर्खियों में हैं हमारा कैदी नंबर 804, जो कि पंजाब प्रांत की अटक जेल में बंद पाकिस्तान का सबसे मशहूर कैदी है। इसे खाने को मिलती है देसी घी, शहद और दही में पकाई गई देसी मुर्गी। इतना ही नहीं, इस कैदी को मिला हुआ है एक पंखा, एक कूलर, टेलीविजन, एक अखबार, और आपको सुनकर शायद हंसी आए, एक ब्रांडेड कमोड। लेकिन जब यही कैदी प्रधानमंत्री था, तब उसने घोषणा की थी कि नवाज शरीफ, शहबाज शरीफ और मरियम नवाज शरीफ जैसे उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को, जो झूठे आरोपों में कैद थे, जेल में ये सुविधाएं नहीं मिलेंगी, जिनके वे कानूनन हकदार थे। तब प्रधानमंत्री रहे इमरान खान ने जेल से एयर कंडीशनर, बिस्तर इत्यादि हटा लेने के निर्देश देने के अलावा घर के खाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, इमरान



खान को दी जा रही इन सुविधाओं की जानकारी पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल को उस वक्त दी गई, जब उन्होंने सर्वोच्च अदालत में एक सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल से इस बारे में सवाल पूछा। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दोषी ठहराया गया है, अयोग्य घोषित किया गया है और एक मामले में उन्हें पांच साल की जेल की सजा भी सुनाई गई है। इतना ही नहीं, उनके खिलाफ सौ से भी ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में, यह सवाल उठना लाजिमी है कि इमरान खान को जेल में ये सुविधाएं आखिर कौन मुहैया करा रहा है। सेना अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रही है कि आम चुनावों में देरी हो और इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ चुनावों में भाग न ले सकें। राजनीति में कदम रखने के बाद से पहली बार इमरान खान जेल गए हैं। इससे उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ी है, जिससे सेना डरी हुई है। अटकलें तो ये भी हैं कि इमरान को जेल में मिल रही इन तमाम सुविधाओं के पीछे तकरीबन सभी मामलों में इमरान का साथ देने वाले मुख्य न्यायाधीश बंदियाल का हाथ हो सकता है। लेकिन बंदियाल इस महीने रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में, वह इमरान को छुड़ाने की कितनी ही कोशिश क्यों न कर लें, फिलहाल तो इसमें मुश्किल ही नजर आती है। इसके अलावा राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने इमरान खान के खिलाफ जो मामला बनाया है, वह भी बेहद संगीन है। दरअसल, पूर्व विदेश सचिव डॉ. असद खान ने, जो इमरान खान के प्रधानमंत्री काल में वाशिंगटन में पाकिस्तान के राजदूत थे, विदेश मंत्रालय को एक सिफर (सरकारी दस्तावेज) भेजा था। वह गोपनीय था और उसकी प्रतियां प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, सेना प्रमुख और आईएसआई प्रमुख को भेजी गई थीं। उस दस्तावेज में राजदूत ने विदेश विभाग को यह जानकारी दी थी, कि अमेरिका का बाइडन प्रशासन इमरान खान की नीतियों और उनके बयानों से खुश नहीं है। इस बात से भी सब वाकिफ हैं कि यूक्रेन पर रूस के हमले से ठीक एक दिन पहले पुतिन के बुलावे पर इमरान खान की मास्को यात्रा से अमेरिका बेहद खफा था। फिर इस तथ्य की अनदेखी भी नहीं की जानी चाहिए कि अफगानिस्तान से पीछे हटने के बाद से अमेरिका वैसे भी पाकिस्तान को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। पिछले साल प्रधानमंत्री के दफ्तर से निकाले जाने के बाद लोगों के हुजूम के सामने इमरान खान ने उस सरकारी दस्तावेज को हवा में लहराते हुए, अपने समर्थकों को बताया था कि यह कागज सुबूत है कि अमेरिका ने किस तरह उन्हें पद से हटाने की साजिश रची। अमेरिका के खिलाफ जाते हुए तब उन्होंने अपने समर्थकों को यह बताया था कि इन सबके पीछे वाशिंगटन का हाथ है। प्रोटोकॉल यह कहता है कि किसी राजनयिक द्वारा भेजे गए किसी भी दस्तावेज की प्रति विदेश मंत्रालय के बाहर नहीं जानी चाहिए। बाद में, जब शहबाज शरीफ ने सत्ता संभाली, तो उनकी तरफ से जारी औपचारिक बयान से यह खुलासा हुआ कि वह दस्तावेज (सिफर) सरकार के रिकॉर्ड से गायब था। गिरफ्तारी से काफी पहले इमरान खान ने टेलीविजन पर दिए एक साक्षात्कार में जब स्वीकारा था कि सिफर उनसे खो गया था, तब उस पर विश्वास करना कठिन था। सर्वोच्च अदालत में उन पर चल रहा मुकदमा अब तक जारी है। बीते मंगलवार को, जब इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें तोशाखाना मामले में बरी किया, तब सिफर मामले में उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इमरान खान के खिलाफ चल रहे दूसरे मामलों की तुलना में यह मामला सबसे बड़ा है। सिफर का गुम होना या खो जाना 'देशद्रोह' या राज्य के प्रति विश्वासघात की श्रेणी में आता है। ऐसा माना जाता है कि सिफर का मामला बेहद संगीन है और अगर इमरान खान दोषी साबित हुए, तो उन्हें उम्रकैद की सजा भी हो सकती है। दूसरी ओर, पाकिस्तान में किए जा रहे कई सर्वेक्षणों से यह संकेत मिलता है कि यदि मुल्क में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव होते हैं और पीटीआई के साथ न्यायपूर्ण रवैया बरता जाता है, तो इमरान खान चुनाव जीतेंगे। पाकिस्तान के चुनावों में पंजाब बेहद अहम है। जाहिर है, जो भी पंजाब जीतेगा, वह इस्लामाबाद भी जीतेगा। जहां तक पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) का सवाल है, तो वह दक्षिण पंजाब में कुछ सीटों के साथ सिंध तक ही सीमित है। जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल एन) आज पंजाब में सबसे अलोकप्रिय राजनीतिक दल है क्योंकि आईएमएफ के साथ कड़ी शर्तों पर सहमत होने से महंगाई काफी बढ़ गई है। ऐसे में, इमरान खान और उनकी पार्टी की संभावनाएं ही सबसे मजबूत हैं। यह अलग बात है कि इमरान के चुनाव जीतने की संभावना से सेना की रातों की नींद उड़ी हुई है।

# हिमालय को चाहिए अलग मंत्रालय, संरक्षण और टिकाऊ विकास को तभी मिलेगी गति

हिमालय के संरक्षण और टिकाऊ विकास के प्रयासों को तेज करने और उन्हें प्रभावी बनाने के लिए अलग मंत्रालय बनाना समय की मांग है। इन दिनों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से हुए जानमाल के भारी नुकसान के कारण एक बार फिर हिमालय पर लोगों का ध्यान गया है। हैरानी की बात यह है कि भारत के लिए जीवन-मृत्यु जैसा महत्वपूर्ण विषय होने के बावजूद हिमालय पर हमारी संसद और केंद्र में आई-गईं सरकारों ने कभी समग्रता से विचार नहीं किया। हिमालयी राज्यों में भूकंप, बाढ़, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाओं और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर संभावित खतरों को लेकर चर्चा तो होती है, पर इन आपदाओं के कारणों और टिकाऊ विकास को लेकर बहुत कम ही बात हुई। दुर्भाग्य से हिमालय को छोटे-छोटे राज्यों में बंटी राजनीतिक-प्रशासनिक इकाई मानकर देखा जाता है। यही कारण है कि आज यह विश्व की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला इतिहास के सबसे गंभीर संकट से गुजर रही है। यह बात सिर्फ विशेषज्ञ ही नहीं, आम लोग भी जानते हैं कि हिमालय से हमारा अस्तित्व जुड़ा हुआ है। यदि हिमालय संकटग्रस्त रहा, तो मनुष्य ही नहीं, बल्कि प्राणी मात्र का जीवन खतरे में आ जाएगा। भारत में करीब ढाई हजार किलोमीटर की लंबाई में फैले छह लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल को स्वतंत्रता के बाद से लगभग उपेक्षित रखा गया। उस समय की केंद्र सरकारों की प्राथमिकता में हिमालय कहीं भी परिलक्षित नहीं होता था। यहां तक कि योजना आयोग ने पर्वतीय क्षेत्र की विशिष्ट



आवश्यकताओं का ध्यान रखने की चिंता कभी नहीं की। 12वीं पंचवर्षीय योजना में कुछ सांसदों के दबाव में आकर पहली बार हिमालय क्षेत्र को समर्पित एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया था। बीते महीनों में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के कारण सैकड़ों मनुष्यों, पशु-पक्षियों और कई हजार वृक्षों समेत भारी क्षति हुई। सड़कों का बहुत बड़ा नेटवर्क ध्वस्त हो गया। इस विनाश से एक बात तो स्पष्ट हो गई कि व्यापक नीतियों के अभाव में हमने हिमालयी क्षेत्र को मौसम की मार, मानव निर्मित खतरों और संभावित भूकंप से नष्ट होने के लिए बेसहारा छोड़ दिया है। गौरतलब है कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2001 में पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय का गठन किया था। हिमालय के पूर्वोत्तर भाग में इससे विकास की एक किरण चमकी थी। यह मंत्रालय 2014 में केंद्र में आई नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों के कारण समूचे पूर्वोत्तर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लेकिन संपूर्ण हिमालयी क्षेत्र के लिए कोई एकीकृत नीति व दृष्टिकोण न होने के कारण विकास के नाम पर जो कुछ भी हुआ या हो रहा है, उसने हिमालय के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियरों का आकार कम हो रहा है। पहाड़ों पर अब बर्फ कम गिरती है और तेजी से पिघलते ग्लेशियर बाढ़ का कारण बनते हैं। अवैज्ञानिक ढंग से बनाए जा रहे फोर-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पहाड़ों पर भीषण तबाही का खौफनाक दृश्य पेश करते हैं। हाल ही में कालका से शिमला के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन और उससे हुए व्यापक नुकसान का मुख्य कारण यही है। कुल्लू जिले में बारिश से ताश के पत्तों की तरह ढह गईं बहुमंजिला इमारतें साफ बताती हैं कि पहाड़ों को किस दिशा में धकेला जा रहा है। हिमालयी राज्यों में बेरोजगारी, बढ़ती गरीबी, अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांवों से पलायन जैसी समस्याएं रेखांकित करती हैं कि प्राकृतिक संसाधनों से मालामाल होने के बावजूद यहां संतुलित व स्वस्थ विकास की नीतियों का अभाव है। भाजपा ने 2014 के अपने चुनावी घोषणापत्र में हिमालय को लेकर भी कई वायदे किए थे। कहा गया था कि पार्टी हिमालयी क्षेत्र के संरक्षण हेतु चेतना जागृत करने के लिए गंभीर प्रयास करेगी। कुछ स्तर पर काम शुरू भी किया गया है। लेकिन हिमालयी क्षेत्र को एक जीवंत इकाई मानकर चलने की बजाय यहां अलग-अलग राज्यों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के माध्यम से कार्य होता है। इनमें आपस में समन्वय की भारी कमी है। इसलिए हिमालय के संरक्षण व टिकाऊ विकास के प्रयासों को तेज करने और उन्हें प्रभावी बनाने के लिए अलग मंत्रालय बनाना समय की आवश्यकता है। पूर्वोत्तर विकास मंत्रालय को हिमालय विकास मंत्रालय में परिवर्तित कर उसके दायरे में संपूर्ण हिमालय क्षेत्र को लाया जा सकता है। अन्यथा टुकड़ों में बंटा हिमालय मानव जाति के लिए चिंता का विषय बना रहेगा।




# बांग्लादेश में स्थिरता जरूरी है, काम आ सकता है भारत-अमेरिका का यह विचार

भारत और अमेरिका दोनों का मानना है कि अवामी लीग को चीन और इस्लाम समर्थक रुझान वाले नेताओं से दूरी बनाने की जरूरत है। अगर वहां कट्टरता बढ़ती है, तो यह क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा हो सकता है। बांग्लादेश में आम चुनावों के दस्तक देने के साथ, देश के राजनीतिक व आर्थिक भविष्य को लेकर चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। हाल के दिनों में कुछ हद तक राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता हासिल करने के बावजूद, देश अब नए सिरे से अनिश्चितता का सामना करता दिख रहा है। बांग्लादेश दरअसल, जिन चुनौतियों से जूझ रहा है, उनकी जड़ें देश से बाहर हैं। हालांकि बांग्लादेशी सरकार की कोशिशों और पड़ोसी भारत से मिलने वाली मदद ने संकट को टाला हुआ है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था उथल-पुथल के जिस दौर से गुजर रही है, उसमें इस छोटी अर्थव्यवस्था वाले देश को समस्याओं से निपटने में मुश्किलात का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि शेख हसीना के नेतृत्व वाले पिछले तीन कार्यकालों में बांग्लादेश में उल्लेखनीय आर्थिक विकास हुआ है। यह दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभरा है और फिलवक्त यह क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो केवल भारत से पीछे है। कुछ रिपोर्ट यह तक बताती हैं कि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति आय क्षेत्र में सबसे ज्यादा है और विभिन्न सामाजिक संकेतकों पर भी इसने अपनी स्थिति सुदृढ़ की है। हालांकि, वर्तमान में बांग्लादेश कई आर्थिक चुनौतियों से घिरा है, जिनकी वजहों पर उसका कोई काबू नहीं है। इसके लिए कुछ हद तक कोविड और रूस- यूक्रेन युद्ध को जिम्मेदार माना जा सकता है। चूंकि, प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं, इसलिए इसके निर्यातों में भी कमी आई है। दरअसल, छोटी अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति तब और खराब हो गई, जब कोविड के लंबे चले दौर और रूस-यूक्रेन संघर्ष से पैदा हुई रिकॉर्ड महंगाई की स्थिति से निपटने के लिए अमेरिका ने नीतिगत दरों में आक्रामक बढ़ोतरी की। इस कदम ने निवेशकों को एशियाई बाजारों से हटने के लिए प्रेरित किया, जिससे इनमें से कई अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा का अवमूल्यन हुआ, जिससे महंगाई बढ़ी। अमेरिकी डॉलर की तुलना में बांग्लादेशी टाका का मूल्य करीब 25 फीसदी तक कम हो गया है। छह जुलाई, 2023 तक, बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार 2022 में 41.8 अरब डॉलर से घटकर 29.97 अरब डॉलर हो चुका था। पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 28 फीसदी की इस गिरावट का श्रेय विदेशी मुद्रा बाजार में चल रही चुनौतियों को दिया गया है, जो मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर की कमी से उपजी हैं। बांग्लादेश में डॉलर संकट, निर्यात से होने वाली आय की तुलना में आयात खर्चों के बढ़ने की वजह से उभरा है। नतीजतन, बांग्लादेश को ईंधन के आयात की अपनी जरूरतों के लिए पैसा जुटाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, भारत ने महामारी के दौरान उद्योगों के लिए आवश्यक वस्तुओं और कच्चे माल की आपूर्ति करके बांग्लादेश को पूरा समर्थन दिया था। लेकिन, बिगड़ती वैश्विक आर्थिक स्थितियों ने बांग्लादेश पर भी प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। यह सब तब सामने आ रहा है जब देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। अफसोस की बात है कि आर्थिक उथल-पुथल के इस दौर में बाइडन प्रशासन के लोकतांत्रिक तरीकों से पीछे हटने के आरोपों का सामना भी बांग्लादेश को करना पड़ रहा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर दबाव बनाने के लिए, पिछले चुनावों में शेख हसीना की अवामी लीग को सहायता देने के आरोपी अर्धसैनिक बल रैपिड ऐक्शन बटालियन (आरएबी) के कई वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारियों पर वीजा प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। इनमें से कुछ पर मानवाधिकार उल्लंघन का भी आरोप है। पाकिस्तान, भारत और अन्य देशों को आमंत्रित करते हुए पिछले लोकतंत्र-केंद्रित शिखर सम्मेलनों से बांग्लादेश को बाहर करने और मई में विश्व बैंक की बैठक के लिए वाशिंगटन की यात्रा के दौरान शेख हसीना की उपेक्षा सहित बाइडन प्रशासन की कार्रवाइयों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस संबंध में अमेरिका का नजरिया बदलता रहा है। इससे न केवल बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बल्कि उसकी पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) का भी हौसला बढ़ा है। एक परिप्रेक्ष्य यह भी है है कि बांग्लादेश की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के कारण अमेरिका उसके साथ मजबूत रक्षा संबंध स्थापित करने में रुचि रखता है और इसलिए वह दबाव बना रहा है। अमेरिका पहले ही ढाका को छोटे नौसैनिक जहाज और सैन्य परिवहन विमान उपलब्ध करा चुका है। इसका उद्देश्य यह है कि बांग्लादेशी सरकार दो बुनियादी सैन्य समझौतों पर हस्ताक्षर कर दे। इन समझौतों से आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ावा मिलने, दोनों देशों के बीच रक्षा-संबंधित व्यापार, सूचना विनिमय और सैन्य सहयोग के विस्तारित अवसरों की सुविधा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, बांग्लादेश ने इन समझौतों को अंतिम रूप देने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई है। दूसरी ओर, भारत ने अमेरिका द्वारा की गई कथित अस्थिर करने वाली कार्रवाइयों के संबंध में अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है जो एक पड़ोसी देश के रूप में भारत की समग्र सुरक्षा और व्यापक दक्षिण एशियाई क्षेत्र को प्रभावित कर सकती हैं। भारत को आशंका है कि अगर जमात-ए-इस्लामी को रियायतें दी गईं, तो निकट भविष्य में ढाका में कट्टरवाद बढ़ने का रास्ता खुल सकता है। बहरहाल, भारत और अमेरिका के बीच एक आम समझ मौजूद है कि बांग्लादेश में जनवरी, 2024 में होने वाले आगामी आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष होने के सिद्धांतों को बरकरार रखना चाहिए। दोनों देशों का मानना है कि अवामी लीग को चीन समर्थक और इस्लाम समर्थक रुझान वाले नेताओं से दूरी बनाने की जरूरत है।

संक्षिप्त समाचार

## रणदीप गैंग के शूटर योगेश डाबरा की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी गिरोह के शूटर योगेश डाबरा पर बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस आयुक्त न्यायालय ने डाबरा की करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करने के आदेश



दिए हैं। अपराधियों के विरूद्ध नोएडा (गौतमबुद्धनगर) पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह लगातार कड़ी कार्यवाही कर रही हैं। पुलिस कमिश्नर जहां गैंगस्टर व माफियाओं पर कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में ला रही हैं। वहीं उनके आर्थिक साम्राज्य को भी खाक में मिला रही हैं। पुलिस आयुक्त न्यायालय ने 14(1) गैंगस्टर एक्ट में कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी गैंग के शॉर्प शूटर योगेश डाबरा पुत्र श्यौराज निवासी डाबरा, थाना दादरी द्वारा अवैध रूप से अर्जित 554 स्क्वायर मीटर की ग्राम अजायबपुर स्थित मार्केट में दुकानों को कुर्क करने के आदेश दिए हैं। इसकी अनुमानित कीमत 5,00,40,075 रूपये बताई जाती है। 13 बदमाश जिला बदर शॉर्प शूटर योगेश डाबरा पर कार्यवाही के साथ ही नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गुंडा एक्ट में निरूद्ध बदमाशों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। जिन बदमाशों को जिला बदर किया गया है उनमें अली रजा निवासी झुग्गी झोपड़ी सेक्टर-8, मो0 जफर खान, समीर अली, राकेश, मंगल, अनिल, मूला उर्फ मूलचंद, रज्जन, मुस्तकीम, जफरू, फिदाहुसैन, शराफत व मुकीम शामिल हैं।

## जल्द लोकसभा चुनाव की आहट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा चुनाव जल्द कराने की आशंकाओं को देखते हुए अगले लोकसभा चुनाव की लड़ाई तैयारी तेज करने का फैसला किया है। विपक्षी दिग्गजों की मुंबई में रात्रिभोज के साथ शुरू हुई तीसरी बैठक के पहले ही दिन सरकार ने अचानक संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर दिया। कुछ विपक्षी नेताओं ने तो भाजपा-राजग के दांव से निपटने के लिए आइएनडीआइए का चुनाव घोषणा पत्र नवरात्र के आस-पास जारी करने का सुझाव दिया। वहीं तमाम नेताओं ने लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे के तालमेल को भी अब गति देने की हिमायत की। शुक्रवार को दूसरे दिन की बैठक के दौरान आइएनडीआइ की समन्वय समिति के गठन को अंजाम देने पर सहमति के संकेत हैं।इसके लिए आइएनडीआइए की ओर से संयुक्त रैलियों का सिलसिला जल्द शुरू करने पर भी नेताओं में सहमति बन गई है।सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक में कहा कि आइएनडीआइए को अब वास्तविक राजनीतिक पहल को सिरे चढ़ाने की पहल तेज करनी होगी।

# 21000 भाइयों को राखी बांध दिया प्रेम और सौहार्द का संदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** भाई बहन के अटूट प्रेम के त्यौहार रक्षाबंधन की देश भर में दो दिन धूम रही। इसी कड़ी में बहन बेटी या माता किसी समस्या में होगी समाज के यह भाई उन बहनों की आवाज बनेंगे और उनको न्याय दिलाने में उनके साथ खड़े कौशिक , कनिका सिंह, सफिया अंसारी , लक्ष्मी , फरहीन हुसैन, खुशबू , जयश्री सिंह , सिमरन कौर , नाजिया परवीन , अंकिता



दिल्ली में एक विशेष अभियान के तहत 21000 लोगों को राखी बांधी गई। इनमें आम जनता के साथ साथ कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। दरअसल महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन द्वारा 19 अगस्त से रक्षाबंधन के प्रति विशेष अभियान चलाया गया। संगठन द्वारा 21000 भाइयों को राखी बांधने का संकल्प लिया गया और साथ ही उन भाइयों से यह वचन लिया गया कि जिस तरह से वह अपने घर की माता बहनों की सुरक्षा करते हैं इस तरह समाज में रहने वाली माता बहनों की सुरक्षा करेंगे। और अगर कोई होंगे। संगठन की फाउंडर डायरेक्टर रेनू चौहान ने बताया कि 21000 भाइयों का हमारा संकल्प लगभग पूर्ण हो गया । इस कार्यक्रम की शुरुआत दिल्ली के बदरपुर इलाके से की गई थी और दिल्ली के विभिन्न जिलों से होते हुए इंडिया गेट पर इस कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के लगभग 2000 से ज्यादा पुलिस पदाधिकारी को बहनों ने राखी बांधकर उन्हें उनका संकल्प याद दिलाया। इस अभियान में एसोसिएशन की डायरेक्टर फाउंडर रेनू चौहान राष्ट्रीय सलाहकार इमरान राजा , अमित प्रकाश,पवन पाल , महमुदा खातून , वन्दना , आरती , प्रिया, राखी कुमारी के साथ महिला प्रचंड शक्ति संगठन की पूरी टीम ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।और इंडिया गेट पर समापन के बाद 29 अगस्त को दिल्ली के जयपुर स्थित कार्यालय में सभी महिला प्रचंड शक्ति संगठन की टीम को रक्षाबंधन जागरूकता अभियान कार्य के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिमन्यु पांडे वरिष्ठ पत्रकार दैनिक भास्कर ने आकर टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया।

# दादरी पुलिस द्वारा, फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को बचाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** नोएडा थाना दादरी पुलिस को सूचना मिली कि 01 युवक योगेश पुत्र रणवीर निवासी रिठोरी थाना दादरी गौतमबुद्धनगर अपने घर ग्राम रिठोरी मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहा है, जिस पर थाना दादरी पुलिस द्वारा अल्प समय मे मौके पर पंहुच कर त्वरित कार्यवाही करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक योगेश पुत्र रणवीर को जो कि फंदे पर लटका हुआ था, त्वरित उतारा गया तथा तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस द्वारा किये गये इस कार्य का आसपास के लोगो द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# भारतीय किसान यूनियन मंच की एक मीटिंग नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के साथ संपन्न हुई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने सिलसिलेवार सभी मुद्दों जैसे की आबादी विनिमति की अगली मीटिंग कर उसे पर निर्णय लेने के लिए कहा गया। साथ ही साथ भूलेख डिपार्टमेंट में 5ज्ञ् के मूल प्लॉटों की पत्रावली तैयार कर उन्हें प्लानिंग डिपार्टमेंट में भेजने



करण,10ज्ञ्, 5ज्ञ् के मूल प्लॉट, कमर्शियल एक्टिविटी पर बातचीत हुई। जो मुद्दे शासन स्तर पर लंबित है उन्हें पुनः एक बार रिमाइंडर भेजने के लिए कहा गया।प्राधिकरण स्तर पर जिन मुद्दों का समाधान किया जा सकता है उन्हें तुरंत करने के लिए कहा गया जिसमें साढे 450 मीटर तक की आबादी का विनयतीकरण, पेरीफेरल रोड के अंदर की गैर पुश्तैनी आबादी व कमर्शियल एक्टिविटी पर बनी कमेटी पर सकारात्मक बात हुई। प्लानिंग डिपार्टमेंट में जो प्लॉट पिछले कई वर्षों से पड़े हुए हैं उन्हें एक नया सेक्टर बनाकर किसानों को तुरंत अलॉटमेंट लेटर देने की बात हुई। सेक्टर 146 को लेकर प्लॉट देने पर सत्कारात्मक वार्ता हुई। जब तक आबादी विनियमती कारण की प्रक्रिया नहीं हो जाती किसी भी सर्कल से आबादी तोड़ने का नोटिस नहीं भेजा जाएगा। कमर्शियल एक्टिविटी के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र की आबादी का विनियमितीकरण नहीं रोका जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के लोकेश एम ने कहा की जल्द ही प्राधिकरण के बड़े अधिकारी भी मौका मुयाना कर आबादी निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे और किसानों के सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे।भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने इस मीटिंग को सकारात्मक बताया तथा जल्द ही किसानों के काम जमीन पर शुरू होने की उम्मीद जताई। प्राधिकरण के काम करने के अगले रूप को देखकर संगठन भविष्य की नीति तय करेगा। इस अवसर पर ऐसीईओ मानवेंद्र सिंह, प्रभास कुमार, ओएसडी अविनाश त्रिपाठी,भाकियू मंच के संरक्षक सुरेंद्र प्रधान,विनोद प्रधान, प्रमोद त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गौतम लोहिया राष्ट्रीय महासचिव, आशीष चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा, मास्टर वीर सिंह संगठन मंत्री,रिंकू यादव राष्ट्रीय महासचिव युवा मोर्चा, अशोक चौहान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी,विमल त्यागी, विक्रम यादव, सत्येंद्र गुर्जर सोनू चौहान,रोहित, आदि पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# सांसद ने होनहार खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** नोएडा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नोएडा स्टेडियम में गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के होनहार खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया।साथ ही इस दौरान व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रदर्शनी मैच सहित आयोजित अन्य खेलों का आयोजन भी हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महेश शर्मा सांसद और भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे। अथितियों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया तथा पहली बार अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल मैच में सिल्वर मेडल जीतने वाले क्षेत्र के तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों सहित अन्य होनहार खेल प्रतिभाओं को पुरस्कृत भी किया। डॉ महेश शर्मा ने कहा की आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है और इसीलिए आज के दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया। आज 29 अगस्त को महान हॉकी प्लेयर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। उन्होंने अपने खेल में महारत हासिल कि थी और उन्हें इसलिए हॉकी जादूगर और द मैजिशियन के नाम से भी बुलाया जाता था। भारत ने उनकी मौजूदगी में भारत ने 1928, 1932 और 1936 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीते। खेल से व्यक्तित्व में नेतृत्व, समर्पण, अनुशासन जैसे गुण विकसित होते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए मदद करते हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा गोपाल कृष्ण अग्रवाल, इंडोर स्टेडियम व्यवस्था प्रमुख अनीता चोपड़ा, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, विनोद शर्मा, चंदगीराम यादव, गिरीश कोटनाला, उमेश यादव, गोपाल गौड़, बबलू यादव, पंकज झा, आदि लोग मौजूद रहे मोजूद रहे।



# योग,यज्ञ एवं रक्षा सूत्र समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद, पतंजलि योग समिति एवं वेलनेस सेन्टर तथा आर्य समाज गोविंदपुरम के तत्वावधान में महंत स्वामी जीवनऋषि जी महाराज के सानिध्य में प्राचीन सिद्धपीठ श्री बालाजी मनोकामना धाम मन्दिर,मधुबन बापूधाम गाजियाबाद में आचार्य महेन्द्र भाई के ब्रह्मत्व में यज्ञ संपन्न हुआ। रक्षा बंधन के पावन अवसर पर बच्चों को यज्ञोपवीत धारण कराए गए। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत ज्ञान ग्रहण करने का बाह्य चिह्न है। इसीलिए इस समय जिन लोगों ने यज्ञोपवीत नहीं धारण किया हुआ है, उन्हें नया यज्ञोपवीत धारण करना चाहिए। अर्थात इस बात का संकल्प करना चाहिए कि वे अज्ञान,अंधकार से बाहर निकलेंगे और और ज्ञानवान होकर परिवार, समाज,राष्ट्र को प्रकाशित करेंगे। जिन लोगों ने यज्ञोपवीत धारण किया हुआ है,उन्हें पुराने यज्ञोपवीत को उतारकर नया धारण करना चाहिए। अर्थात् इस बात का संकल्प करना चाहिए कि वह अपने जीवन में स्वाध्याय और यज्ञ को कभी नहीं छोडेंगे। विशेषकर यज्ञोपवीत में तीन धागे होते है वे तीन ऋणों के प्रतीक है। ऋषि ऋण,देव ऋण,पितृ ऋण। मनुष्य को इन तीनों ऋणों का बोध हो यही उद्देश्य है। मुख्य अतिथि अनिल आर्य, (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि यह चरित्रवान व संस्कार वान युवा ही देश के भाग्य का निर्माण करेंगे।किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं पर ही निर्भर करता है। इस माध्यम से परिषद नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में सदैव अग्रसर है। महंत स्वामी जीवनऋषि जी महाराज ने कहा कि आज राष्ट्र विषम परिस्थितियों से निकल रहा है उन चुनौतियों का मुकाबला युवा ही करेंगे।उन्होंने कहा युवाओं को संस्कारित करने का कार्य आगे भी करते रहेंगे। पतंजलि योग समिति एवं वेलनेस सेंटर के योग शिक्षको निरंजन सिंह जिला प्रभारी एवं रामोतार आर्य ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सर्वरोग निवारण शिविर में योगाभ्यास कराये और उनके लाभों की चर्चा की। प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने ईश भक्ति गीत सुनाया और मंच का संचालन किया। संयोजक त्रिलोक शास्त्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेष आमंत्रित वीके धामा ने श्री कृष्ण के पावन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदीप आर्य,सतपाल, बिजन्दर त्यागी,रवि राज,रोहतास सिंह,कार्तिक,त्जितेंद्र सिंह,आशू शर्मा जी,प्रमोद कुमार,महेश चौधरी,तेजस पटेल, रजत पटेल एवं पूनम आदि उपस्थित रहे। शांतिपाठ प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# सुपरटेक सीजार सोसाइटी का एओए चुनाव सपन्न वरुण वर्मा बने अध्यक्ष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** ओमिक्रोन 1 स्थित सुपरटेक सीजार सोसाइटी में वर्ष 2023- 24 के लिए अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए चुनाव आयुक्त डा. अरविंद कुमार जैन, मनोज कुमार शर्मा एवं सौरभ अग्रवाल ने चुनाव के अंतिम नतीजे घोषित किए जो कि इस प्रकार है। अध्यक्ष पद पर वरूण वर्मा ने ब्रजेश शर्मा को 11 मतों से हराया अन्य पदों पर विजेता इस प्रकार है उपाध्यक्ष संजीव कुमार सचिव जितेन्द्र कुमार आकाश कोषाध्यक्ष श्रीमती सुमन सिंह एवं अन्य सदस्य श्रीमती अंकुल पाराशर, श्रीमती मंजू लता, संतोष कुमार फुलोरिया, कुशल पाल सिंह एवं हिमांशु वाजपई चुनें गये।



# राष्ट्रीय स्वयं सेविका समिति की महिलाओं ने बाघा बॉर्डर पर तैनात सैनिकों को बांधी राखी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** नोएडा राष्ट्र सेविका समिति, मेरठ प्रान्त के नौयडा एवं ग़ज़िआबाद विभाग की बहनों ने अटारी बॉर्डर जाकर दिनरात देश की रक्षा में तैनात, अपने सीमा सुरक्षा दल के सैनिक जवानों को राखी बाँधी। बहने अपने साथ स्कूल के बच्चों द्वारा, सैनिकों के लिए बनायीं गयी राखियाँ व सन्देश भी लेकर गयी थी। सभी जवान, विशेषकर बच्चों द्वारा भेजें गये सन्देश पढ़कर बहुत प्रभावित हुए। सभी बहनों ने जवानों के हाथ में राखी बाँधकर उन्हें धन्यवाद दिया और उनके लिए मंगल कामना की। सभी जवानों ने बहनो और बच्चों को बहुत बहुत धन्यवाद दिया। 40 बहनों की टोली में नोएडा से सुरिन्द्र ,सुकूँजबाला , दीप्ति शर्मा , इन्द्राणी मुख़र्जी, अनीता जोशी, रेखा चौहान, मोना चावला, विद्या रावत, वंदना अनेजा, पदमा सिंह, प्रियंका सिंह, संध्या तिवारी , राधिका सिंह आदि प्रमुख रहें।



# भाकियू ( भूमिपुत्र ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ टोल पर बदसलूकी होने पर हुआ हंगामा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** नोएडा यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर कट पर टोल टैक्स के कर्मचारियों ने भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू भैया से टोल मांगने के कारण भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र के कार्यकर्ताओं ने टोल पर हंगामा किया । चौकी इंचार्ज ने जेवर कट टोल पर पहुंच कर मामले को शांत कराया, भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश भाटी ने कहा है कि टोल टैक्स कर्मचारी सुधर जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र जेवर टोल पर आन्दोलन करेंगी। उक्त जानकारी भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के कार्यकारिणी सदस्य रवि राघव ने दी।



# नोएडा में बंटी बबली फैला रहे ठगी का जालसाज,कई कंपनियों से की ठगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।**नोएडा गारमेंट बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगा है, नोएडा सेक्टर 65 स्थित लीजा क्लोदिंग कंपनी के मालिक अश्मित यादव और सीमा यादव दोनों भाई बहन हैं,यह एक गारमेंट्स की फैक्ट्री नोएडा में चलाते हैं,बंटी बबली और कमश्निर को दी है लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है,महिला सीमा यादव के अधिकारियों से अच्छे तालुकात हैं इसलिए पुलिस इन दोनों जालसाजो के खिलाफ कार्रवाई करती हुई नजर नहीं आ रही है,नोएडा के टैक्सटाइल डिजाइनर इंडिया के मालिक प्रदीप यादव का कहना है



के रूप में यह दोनों अब तक नोएडा की कई बड़ी कंपनियों से ठगी कर चुके हैं, पहले यह जालसाज छोटे-छोटे आर्डर देते हैं ताकि कोई भी व्यापारी इन पर भरोसा कर ले और फिर यह बड़ा ऑर्डर दे देते हैं जिसके बाद धीरे-धीरे यह ठग भरोसा जीत कर एक बड़ा ऑर्डर दे देते हैं फिर उसके बाद पैसा ना देने की मंशा से फोन ना उठाना और साथ ही नए-नए बहाना बनाना शुरू कर देते हैं, नोएडा में इन दोनों बंटी बबली द्वारा अब तक आधा दर्जन से ज्यादा व्यापारियों के साथ ऐसी जलसा जी की गई है लाखों रुपए हड़प लिए है। ठगी के शिकार हुए व्यापारियों का कहना है कि यह दोनों बंटी बबली भाई बहन है और यह अपनी कंपनी चलाने के लिए बड़े स्तर पर कंपनियों से सामान लेते हैं और उसके बाद उस प्रोडक्ट का भुगतान नहीं करते हैं,कई बार इसकी शिकायत मैंने स्थानीय पुलिस कि पहले ये दोनों जालसाज बंटी बबली ने भरोसा जीता था उसके बाद मेरे कंपनी से 7 लाख का धागा खरीदा लेकिन कई बार मैंने पेमेंट के लिए बोला लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया, सीमा यादव द्वारा जो चेक दिए गए थे खाते में पैसा होने के बावजूद भी उन चेक संख्या को रुकवा दिया जाता है, यह दोनों बड़े शातिर किस्म के ठग हैं,मुझे सीमा यादव लगातार धमकियां देती है और कहती है कि मेरी बीजेपी और पुलिस में अच्छी पकड़ है आप मेरा कुछ नहीं कर सकते हो, मैं जब अपना पैसा लेने उनके फैक्ट्री पहुंचा तो मुझे बंधक बनाने का प्रयास किया और उसके साथ अपने ही ऑफिस में मुझे धमकाया, काफी प्रयास कर चुका हूं महिला की पहुंच बहुत ऊपर तक इसलिए कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, शिकायतकर्ता आनंद शर्मा अभिषेक अग्रवाल निशांत अग्रवाल मौजूद रहे।

# नोएडा में प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी से आम जनता त्रस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** नोएडा सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि नोएडा में प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी से आज जनता पूरी तरह त्रस्त है प्राइवेट अस्पतालों में इलाज और उन पर नोटिस भी जारी किया गया था उसका अभी तक कुछ पता नहीं है अस्पताल के नाम का भी खुलासा नहीं किया गया, नोएडा में सरकारी अस्पतालों का बुरा हाल है, पूरी सुविधा उपलब्ध नहीं होने की वजह से लोगों को इलाज के



के व जांच के नाम पर लोगों से मोटे पैसे लिए जा रहे हैं आम जनता को डेंगू का डर दिखाकर उन्हें इलाज व जांच के नाम पर मोटे पैसे लिए जा रहे हैं, प्रशासन के तरफ से दिखावे के लिए तो करवाई के नाम पर खानापूर्ति बस कर दिया जाता है, कोई भी ठोस कार्रवाई उन पर नहीं की जाती है, वहीं सपा के वरिष्ठ नेता ओमपाल राणा ने कहा कि अभी प्राइवेट अस्पतालों के डेंगू के 1023 नमूने जांच में फेल हुए थे लिए दर- दर ठोकर खाना पड़ता है, दवाई भी पूरी तरह उपलब्ध नहीं है, नोएडा समाजवादी पार्टी के महानगर महासचिव विकास यादव व मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने बताया कि जल्दी ही सपा का एक प्रतिनिधिमंडल नोएडा जिला अधिकारी व सीएमओ से मिलकर इन सारी शिकायतों को रखेगा, व तत्काल समाधान की मांग करेगा, ताकि आम जनता को परेशान ना होना पड़े।

# तारा सिंह को नहीं आया तरस, बॉक्स ऑफिस पर 'गदर 2' ने फिर मचाई तबाही, कमाए इतने करोड़


(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** गदर 2 के तारा सिंह का हथौड़ा बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म मौका पाते ही बुलेट ट्रेन की स्पीड पकड़ आगे बढ़ने लग जाती है। हाल के दो दिनों में गदर 2 ने ऐसी कमाई की है कि 500 करोड़ के बेहद नजदीक पहुंच गई है।21 सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस कमाई करने से पीछे नहीं हट रही है। रिलीज के 21 दिन हो चुके हैं और कई नई फिल्में भी रिलीज हो चुकी है। फिर भी गदर 2 थिएटर्स में जड़े जमाई हुई हैं और लगातार छप्परफाड़ कमाई करती जा रही है। सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 रिलीज के दिन से बॉक्स ऑफिस पर चौके- छक्के मार रही है। गदर 2 ने महज कुछ दिनों में ऐसी पारी खेली है कि अपने आस-पास रिलीज हुई सभी फिल्मों को बेहाल कर दिया है। गदर 2 अब 500 करोड़ क्लब में एंट्री पाने के लिए जान लगा रही है। गदर 2 ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की है। फिल्म की शानदार परफॉर्मेंस को देखकर उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले शनिवार और रविवार को गदर 2 न सिर्फ 500 करोड़ क्लब में एंट्री करेगी, बल्कि इस बेंच मार्क को पार भी कर जाएगी। गदर 2 के ताजा बिजनेस की बात करें तो फिल्म ने सोमवार को 4.60 करोड़ और मंगलवार को 5.10 करोड़ का बिजनेस किया। वहीं, रक्षाबंधन की छुट्टी होने की वजह से बुधवार को कलेक्शन 8.60 करोड़ पहुंच गया। अब गुरुवार को घरेलू बॉक्स ऑफिस पर गदर 2 की हुई कमाई की ओर नजर डाले तो ऐिम्ल्व् की रिपोर्ट के अनुसार, बिजनेस में ज्यादा गिरावट नहीं आई है। गुरुवार को फिल्म को एक बार फिर मिला रक्षाबंधन का फायदा मिला। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, गदर 2 ने 31 अगस्त को देशभर में लगभग 7.50 लाख का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही गदर 2 ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर अब तक 481.85 करोड़ कमा लिए है।



# 'केबीसी 15' के पहले करोड़पति बने 21 साल के जसकरण 7 करोड़ के सवाल पर अटकी रही सांसें

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के हर सीजन में कोई न कोई एक कंटेस्टेंट ऐसा जरूर रहा है, जिसने सभी सवालों अब तक कई कंटेस्टेंट्स आए, जिन्होंने सवालों के सही जवाब दिए और 50 लाख तक के आंकड़े को टच किया है। मगर अब 21 साल के जसकरण सिंह 'केबीसी 15' में इतिहास रचने के लिए





के सही जवाब देकर इतिहास रच दिया। इस बार शो का 15वां सीजन शुरू हो चुका है।15 पॉपुलर रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति लोगों को करोड़पति बनने का उनका सपना पूरा करने का एक मौका देता है। लेकिन कुछ ही लोग इस सपने को पूरा कर पाते हैं। इस सीजन में 21 साल के जसकरण सिंह वह पहले कंटेस्टेंट हैं जो 7 करोड़ के सवाल तक पहुंच पाए हैं। उनसे क्या सवाल पूछा गया इस पर अमिताभ बच्चन ने सस्पेंस बनाया है। इस बार के सीजन में कुछ कंटेस्टेंट्स ऐसे जरूर रहे, जो एक करोड़ तक के सवाल तक तो पहुंच पाए हुए, लेकिन सात करोड़ के सवाल तक नहीं पहुंच सके। मगर अब यह भी हिस्ट्री बनने वाली है। 'केबीसी 15' को पहला कंटेस्टेंट मिल गया है, जो 7 करोड़ के सवाल तक पहुंच चुका है। पॉपुलर रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के 15वें सीजन का आगाज 15 अगस्त से हुआ है। तैयार हैं। वह इस शो के पहले कंटेस्टेंट बन गए हैं, जो आखिरी सवाल यानी कि 16वें सवाल का जवाब अमिताभ बच्चन को देंगे, जो कि सात करोड़ का होगा। 21 साल के जसकरण सिंह मूल रूप से पंजाब के रहने वाले हैं। मेकर्स ने शो का प्रोमो जारी किया है, जिसमें अमिताभ बच्चन कहते हैं, ''इतने सालों में ज्ञान के इस मंच से मैंने कितने ही लोगों को करोड़पति बनते देखा। लेकिन हर बार उस एक सवाल पर कंटेस्टेंट ही नहीं, देश की और हम सबकी धड़कनें थम सी जाती हैं। और वो है 7 करोड़ का सवाल।इसके बाद दिखाया जाता है कि बिग बी, जसकरण सिंह से 16वां प्रश्न पूछते हैं, जिसका सही जवाब देने पर वह सात करोड़ जीत जाएंगे। जसकरण ने 16वें प्रश्न का सही जवाब दिया या नहीं, इसका खुलासा तो आने वाले एपिसोड में होगा। केबीसी का ये एपिसोड 4 या 5 सितंबर को दिखाया जाएगा।

# करीना कपूर की 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में होगा प्रीमियर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** करीना कपूर सालों से बड़े पर्दे पर अपना जलवा दिखाती नजर आ रही है। वक्त के साथ-साथ अब एक्ट्रेस अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है। करीना कपूर जल्द 'द बकिंघम मर्डर्स' चर्चा



में है। अब 'द बकिंघम मर्डर्स' को लेकर एक अपडेट सामने आया है।करीना कपूर ( र्खोर्ह र्खेज्ददे) जल्द द बकिंघम मर्डर्स चर्चा में है। अब द बकिंघम मर्डर्स को लेकर एक अपडेट सामने आया है। 67वें बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर होगा । महोत्सव 4 से 15 अक्टूबर 2023 तक लंदन और यूके के आसपास के स्थानों में होगा करीना कपूर की 'द बकिंघम मर्डर्स' का वर्ल्ड प्रीमियर होने जा रहा है। 67वें बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर होगा। जो अगले महीने अक्टूबर होने जा रहा है। 'द बकिंघम मर्डर्स' इसी नाम के उपन्यास पर आधारित फिल्म है। बता दें, बीएफआई लंदन फिल्म महोत्सव दुनिया के अग्रणी फिल्म महोत्सवों में से एक है। यह महोत्सव 4 से 15 अक्टूबर 2023 तक लंदन और यूके के आसपास के स्थानों में होगा। 'द बकिंघम मर्डर्स' में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार और क्रू शामिल हैं, जिनमें ब्रिटिश अभिनेता कीथ एलन, क्रिस विल्सन, ली निकोलस हैरिस और रुक्कू नाहर के साथ-साथ भारतीय अभिनेता रणवीर बरार, हकी अली, ऐश टंडन और रुचिका जैन भी नजर आने वाले हैं। करीना कपूर खान के वर्कफ्रंट की बात करे तो वह विजय वर्मा और जयदीप अहलावत के साथ सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित क्राइम थ्रिलर 'जाने जान' में नजर आएगी। मेकर्स ने 25 अगस्त को इस फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया था। ये 21 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। बता दें, ये दिन करीना कपूर के लिए डबल सेलिब्रेशन का दिन होगा क्योंकि इसी दिन करीना कपूर अपना जन्मदिन मनाएगी। इस मूवी को रिहा कपूर और एकता कपूर मिलकर को-प्रोड्यूस कर रही हैं।

# अंजलि अरोड़ा ने धूमधाम से मनाया रक्षा बंधन, तस्वीरें शेयर कर भाइयों पर लुटाया प्यार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** देशभर में रक्षा बंधन के पावन पर्व की धूम मची हुई। हर कोई भाई-बहन के प्यार वाले इस फेस्टिवल को अपने ही अंदाज में सेलिब्रेट कर रहा है। वहीं मनोरंजन जगत के सितारे भी राखी के इस त्योहार का जश्न धूमधाम से मना रहे हैं। रक्षा बंधन का पावन पर्व देशभर में सेलिब्रेट किया जा रहा है। तमाम फिल्मी सितारे इस खास फेस्टिवल का जश्न मना रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा ने भी भाई-बहन के प्यार के प्रतीक वाले इस त्योहार का जश्न बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया है। इस मौके की लेटेस्ट तस्वीरों को अंजलि ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस बीच सोशल मीडिया क्वीन अंजलि अरोड़ा (ंहर्रेत्त्ं र्दे) भला कैसे पीछे रह सकती थीं। रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर अंजलि ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर, उन पर जमकर प्यार लुटाया है। अंजलि अरोड़ा ने मनाया रक्षा बंधन का फेस्टिवल कंगना रनोट के ओटीटी शो लॉक अप से अंजलि अरोड़ा ने अपनी खास पहचान बनाई है। इतना



ही नहीं सोशल मीडिया पर कमाल की डांस रील्स के चलते अंजलि हर किसी की फेवरेट बनी हैं। इस बीच रक्षा बंधन (ंर्देर्ह्) के त्योहार पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है।इन फोटो में देखा जा सकता है कि वह अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधते हुए नजर आ रही हैं। इन भाई-बहन के बीच कितना प्यार है, उसका अनुमान इन फोटो के जरिए आसानी से लगाया जा सकता है। इन लेटेस्ट तस्वीरों में ये देखा जा सकता है कि अंजलि के भाइयों ने भी उन्हें ढेर सारे गिफ्ट्स दिए हैं। सोशल मीडिया पर अंजलि अरोड़ा की ये लेटेस्ट फोटो काफी पसंद की जा रही हैं, फैंस उनकी इन फोटो पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। 'कच्चा बादाम' सॉन्ग ने बदली अंजलि की किस्मत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने के नाते अंजलि अरोड़ा इंस्टाग्राम पर डांस रील्स बनाने की वजह से दुनिया के सामने पॉपुलर हुईं। लेकिन कच्चा बादाम वायरल सॉन्ग पर जिस तरह से अंजलि ने डांस किया, उससे रातों-रात उनकी किस्मत चमक गई।अंजलि का ये डांस रील्स हद से ज्यादा वायरल हुआ। गौर किया जाए इनके चाहने वालों की तरफ तो मौजूदा समय में अंजलि अरोड़ा के अकेले इंस्टाग्राम पर 12.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

# बॉलीवुड में कनेक्शन से ज्यादा टैलेंट को तवज्जो देते हैं 'मिस्ट्री ऑफ द टैटू' के एक्टर रोहित राज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।**फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ द टैटू' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज कर दी गई है। इस थ्रिलर फिल्म में रोहित राज लीड रोल प्ले कर रहे हैं। खास बात ये है कि 'मिस्ट्री ऑफ द टैटू' के साथ एक्टर बॉलीवुड





में डेब्यू भी कर रहे हैं। मिस्ट्री ऑफ द टैटू के साथ रोहित राज बॉलीवुड में अपनी फिल्मी पारी शुरू करने जा रहे हैं। हालांकि वो एक चाइल्ड आर्टिस्ट भी रह चुके हैं लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था। सालों बाद उन्होंने एक्टिंग की फील्ड में फिर से एंट्री की और काफी मेहनत के बाद उन्हें उनकी डेब्यू फिल्म मिली। रोहित राज बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करने को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। उन्होंने अपनी इस खुशी को जागरण डॉट कॉम के साथ भी शेयर किया। एक्सक्लूसिव बातचीत में एक्टर ने डेब्यू फिल्म, स्ट्रगल से लेकर बॉलीवुड तक कई इंटरेस्टिंग टॉपिक पर चर्चा की। रोहित राज को अपनी पहली ही फिल्म में कई बड़े स्टार्स के साथ काम करने का मौका मिला। 'मिस्ट्री ऑफ द टैटू' में रोहित के साथ अमीषा पटेल, अर्जुन रामपाल और डेजी शाह जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में हैं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद एक्टिंग की फील्ड में एंट्री की है, एक्टर बनने का फैसला कब किया मैंने बहुत शुरू में ही तय कर लिया था कि मुझे एक्टर ही बनना है, लेकिन आप जहां पहुंचना चाहते है वहां तक पहुंचने के लिए एजुकेटेड होना भी जरूरी और फायदेमंद होता है। यही मेरी सोच है और मेरे परिवार की भी। मुझे नहीं लगता कि ये मुश्किल चीज है, बल्कि आपको इस दौरान बहुत कुछ सीखने को मिलता है।मैंने लगातार कई सारे ऑडिशन दिए। जब भी मैं कोई ऑडिशन देता था तो फिर पीछे मुड़कर उसके बारे में नहीं सोचता था। बस आगे क्या है इस पर फोकस करता था। मुझे किन नए लोगों से मिलने की जरूरत है यही सोचता था। इस दौरान मेरी मुलाकात उन लोगों से हुई, जो 'मिस्ट्री ऑफ द टैटू' के लिए ऑडिशन कर रहे थे। इस फिल्म के लिए मैंने 6 महीने तक स्क्रीन टेस्ट दिया और अंत में मुझे ये रोल मिल गया, तो मैं बहुत खुश हूं। क्या ऑडिशन के दौरान बनाए कोई बॉलीवुड कनेक्शन कनेक्शन जितना इम्पोर्टेन्ट है उससे ज्यादा इम्पोर्टेन्ट है आपका अपने टैलेंट को बाहर लाते रहना। कनेक्शन से ज्यादा ये मायने रखता है कि आप कितने काबिल हैं और अपनी परफॉर्मेंस पर कितना फोकस करते हैं, ऑडियंस से कितना कनेक्ट कर पाते हैं। इसलिए मैं सोचता हूं कि आपका सारा फोकस बेस्ट परफॉर्मेंस देने पर होना चाहिए। मैं सिर्फ अपना बेस्ट लोगों के सामने रख सकता हूं और उम्मीद कर सकता हूं कि उन्हें पसंद आए। सबसे अच्छी चीज ये है कि इतनी बड़ी फिल्म में मुझे काम करने का मौका मिला। मैं फिल्म के प्रोड्यूसर्स का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और इस रोल को निभाने का मौका दिया। फिल्म मेरा कैरेक्टर एक बैरिस्टर का है, जो अपनी जनेरेशन का लंदन में बेस्ट बैरिस्टर है। ये कैरेक्टर बहुत ही शांत रहने वाला है, जो हर सिचुएशन को इतनी जल्दी पढ़ लेता है और उसे डीकोड कर लेता है, लेकिन फिर भी जब तक जरुरत न हो कोई रिऐक्शन नहीं देता, कुछ बोलता नहीं है। उसके माइंड में हमेशा चलता रहता है कि हर इंसान क्या है, क्या नहीं है, वो सब जान लेता है, लेकिन सब अपने अंदर ही रखता है। फिल्म में ये जो टैटू की मिस्ट्री है उसमें उसकी क्या हिस्सेदारी रही है? उसके बचपन से लेकर उसके बड़प्पन तक, वो सब आपको 1 सितंबर को पता चलेगा। हमारी काफी अच्छी बॉन्डिंग थी। मैं एक न्यूकमर था तो शूटिंग के पहले काफी घबराया हुआ था, लेकिन इतने दिग्गज कलाकार होते हुए भी सब डाउन टु अर्थ और सिंपल थे, उन्होंने मुझे बहुत अच्छा फील करवाया। उन्होंने इस बात पर पूरा ध्यान दिया कि मैं अपनी परफॉर्मेंस में शाइन करूं। मुझे याद है अर्जुन जी मेरे साथ बैठकर हर सीन पर डिस्कस करते थे। वो निश्चित करते थे कि स्क्रीन पर सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस मेरी ही लगे, तो सभी का रवैया मेरे लिए अच्छा था और मैं बहुत खुश हूं कि मुझे मेरी पहली फिल्म में ही इतने शानदार को-एक्टर्स मिले।

## द व्हील ऑफ टाइम' की यह खास बातें

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** अमेजन प्राइम वीडियो की फैंटेसी एडवेंचर सीरीज 'द व्हील ऑफ टाइम' के दूसरे सीजन का इंतजार खत्म होने वाला है। सीरीज की रिलीज में बस कुछ दिन बाकी हैं। द व्हील ऑफ टाइम प्राइम वीडियो की सबसे बड़ी सीरीजों में से एक है। दूसरे सीजन की रिलीज से पहले आपको बताते हैं कि पहले सीजन में क्या हुआ और आने वाले सीजन से क्या अपेक्षाएं हैं।प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ शो एक जादुई दुनिया को दिखाता है। जहां ड्रैगन और करिश्माई ताकते हैं। रिंग्स ऑफ पॉवर की तर्ज पर बना शो अमेजन प्राइम के सबसे ज्यादा महंगे शोज में शामिल है। इसका पहला सीजन 2021 में आया था और अब लगभग दो साल बाद दूसरा सीजन आ रहा है।

# सिनेमाघरों में आ रहीं धमाकेदार फिल्में, ये रही बॉलीवुड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** 1 एजूसी श्दन्गें ंर्ती घ्ह ण्हार्ई ्प्त्ः शुक्रवार का दिन सिनेमा जगत के लिए बेहद खास



माना जाता है। ज्यादातर फिल्में फ्राइडे के दिन ही बड़े पर्दे पर रिलीज होती हैं। इस बीच कल यानी 1 सितंबर से साल का 9वां महीना शुरू होने जा रहा है और फिल्मों की रिलीज के हिसाब ये दिन बेहद खास होने वाला है। इस साल का 9वां महीना कल 1 सितंबर से शुरू होना जा रहा है। ये दिन मनोरंजन जगत के हिसाब से काफी बड़ा माना जा रहा है। सितंबर महीने के पहले दिन बड़े पर्दे पर बॉलीवुड हॉलीवुड और साउथ सिनेमा की एक से बढ़कर एक फिल्म रिलीज होने जा रही हैं। जिनकी लिस्ट हम आपके लिए लेकर आएं हैं। आइए इस लिस्ट में शामिल फिल्मा क्योंकि इस महीने के पहले दिन सिनेमाघरों में बॉलीवुड, हॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में रिलीज होंगी। आइए इस लिस्ट में उन फिल्मों के नाम जानते हैं साउथ सिनेमा के फेमस कलाकार विजय देवरकोंडा और समांथा रुथ प्रभु की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'खुशी' 1 सितंबर 2023 यानी कल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जिसका फैंस बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे है। बता दें कि ये पहला मौका है, जब किसी फिल्म में विजय और समांथा एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगेहिंदी सिनेमा के दिग्गज कलाकार के के मेनन की बॉलीवुड फिल्म 'लव ऑल' कल शुक्रवार को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म को लेकर हर कोई काफी एक्साइटेड नजर आ रहा है। डायरेक्टर सुधांशु शर्मा की इस फिल्म में बाप-बेटे की कहानी को दिखाया गया, जोकि बैडमिंटन के खेल में कायमाबी हासिल करना चाहते हैं। के के मेनन के अलावा इस मूवी में बतौर स्टार कास्ट श्रीस्वरा और स्वस्तिक मुखर्जी जैसे कई कालाकर मौजूद हैं। कल्कि कोचलिन और दीप्ति नेवल स्टारर फिल्म 'गोल्डफिश' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। एक सितंबर 2023 से निर्देशक पुषण कृपलानी की ये मूवी बड़े पर्दे पर दर्शकों को मनोरंजन करती नजर आएगी। बता दें कि पहले इस मूवी को 25 अगस्त को रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में मेकर्स ने अपने फैसले में बदलाव किया। इजरायली प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर की बायोपिक पर आधारित फिल्म 'गोल्डा' कल 1 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस मूवी की कहानी साल 1973 में योम किप्पुर युद्ध के 19 दिनों के कठिन दौर को दिखाती है। हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस हेलेन मिरेन ने इस फिल्म में लीड रोल अदा किया है। हमल्टी स्टारर सस्पेंस से भरपूर क्राइम थ्रिलर फिल्म 'मिस्ट्री ऑफ टैटू' भी इस शुक्रवार से सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इस मूवी में रोहित राज, डेजी शाह, अमीषा पटेल और अर्जुन रामपाल जैसे तमाम बॉलीवुड कलाकार मौजूद हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद हर कोई इसकी रिलीज का इंतजार कर रहा है। साउथ सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर बालाजी वेणुगोपाल की कॉमेडी तमिल फिल्म 'लकी मैन' 1 सितंबर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस मूवी में साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस कॉमेडी एक्टर योगी बाबू मुख्य भूमिका अदा करते नजर आएंगे। पिछली दो फिल्मों की अपार सफलता के बाद हॉलीवुड फिल्म 'द इक्वलाइजर' फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त रिलीज के लिए पूरी तरह से रेडी है। 1 सितंबर से सिनेमाघरों में 'द इक्वलाइजर 3' के शो शुरू हो जाएंगे। एंटनी फूक्वा द्वारा निर्देशित इस मूवी में पूर्व जासूस रॉबर्ट मैक्कल के रोल में डेंजिल वाशिंगटन नजर आएंगे।

# जब राह चलते लड़की को छेड़ने लगे थे सनी देओल एक्टर को पीटने घर तक आ गया था उसका भाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** सनी देओल की हालिया रिलीज फिल्म 'गदर 2' उम्मीद से ज्यादा अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म ने तेजी से बॉक्स ऑफिस पर 450 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और अब 500 करोड़ की तरफ बढ़ चुकी है। सनी देओल जो कि इन दोनों बॉक्स ऑफिस पर 'गदर' मचा रहे हैं, वह अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना ही पसंद करते हैं। मगर अक्सर शांत रहने वाले सनी देओल ने हाल ही में अपने युवा दिनों की एक घटना शेयर की है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल बढ़ा दी है। सनी देओल इन दिनों फिल्म गदर 2 की सक्सेस को एंजॉय कर रहे हैं। 11 अगस्त को रिलीज हुई उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ बिजनेस कर रही है। सनी देओल एक-एक कर कई इंटरव्यू देते जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू दिया जिसमें एक्टर ने अपने पुराने दिनों के बारे में खुलकर बताया। अक्सर सीरियस से देखने वाले सनी देओल ने यूट्यूब पर रणवीर अल्लाहबादिया को दिए इंटरव्यू में



अपने पुराने दिनों के बारे में काफी कुछ बताया है। उन्होंने खुलासा किया ही कैसे एक लड़की को छेड़ने के चक्कर में वह पिटने वाले थे। यह उसे वक्त काफी गंभीर इंसिडेंट था, लेकिन अभी से याद करते हुए एक्टर को हंसी आती है। सनी ने कहा कि यह घटना तब की है जब स्कूल या कॉलेज में थे। उन्होंने पॉडकास्ट इंटरव्यू में बताया एक्टर ने दावा किया कि वह उसे लड़की का मजाक उड़ाकर घर लौट आए। जैसे ही वह बिल्डिंग के अंदर आए, उन्होंने एक जबरदस्त धमाके की आवाज सुनी। बाद में उन्हें समझ आया कि यह गेट पर एक कार के रुकने की आवाज थी। यह आवाज किसी धमाके जैसी थी। सनी ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि वह लड़की उस लड़के की बहन थी, तभी अचानक उनका गार्ड नीचे चला आया। जब मैं गलत होता हूं, तो मैं गलत होता हूं' इसके बाद सनी देओल ने उसे लड़के से अपने बचाव में कहा, ठमैं गलत हूं, अगर आप मुझे मारना चाहते हैं, तो मुझे मार क्योंकि मैं गलत हूं। अगर मैं तुम्हारी बहन से कुछ कहा तो मैं गलत हूं। यह एक ऐसा तरीका है जिसे लेकर मैं हमेशा अस्तित्व में रहा हूं। जब मैं गलत होता हूं, तो मैं गलत होता हूं।ठइसी इंटरव्यू में सनी देओल ने अपने कुछ अन्य झगड़ों के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया, ठमैं उस समय 20 वर्ष का था और मैं अपने अभिनय की शुरुआत भी नहीं की थी। हम नॉर्थ स्टैंड पर बैठे थे, वहां थोड़ा उपद्रव था। किसी को पता चला कि मैं धर्मेंद्र का बेटा हूं और उन्होंने मेरी रैगिंग शुरू कर दी। उन्होंने सिगरेट के टुकड़े फेंकने शुरू कर दिए। फिर मैं उठा, पलटा और लोगों को पीटना शुरू कर दिया। मैंने कुछ नहीं देखा और बस लड़ने लगा। तभी पुलिस आई और मुझे वहां से ले गई।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।